बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 26 जून 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 149 | मूल्य - 5 रुपये

बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा










# वेनेजुएला में भूकंप से 188 लोगों की मौत, 200 से ज्यादा लोग मलबे में फंसे



काराकस, (एपी)।

वेनेजुएला में शक्तिशाली भूकंप के कारण जान गंवाने वालों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 188 हो गई है जबकि 200 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। इसके अलावा 1,500 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। इस बीच राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक बुधवार शाम आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंप से प्रांतों में भारी नुकसान हुआ और कई इमारतें ढह गईं। बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हैं और आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। ये भूकंप एक सदी से भी अधिक समय में वेनेजुएला में आए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से हैं। अधिकारियों के अनुसार, भूकंप के बाद देशभर में हजारों लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी काराकस के उत्तर में स्थित ला गुएरा के तटीय इलाके में जानमाल का सबसे ज्यादा नुकसान दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से देश का प्रमुख हवाईअड्डा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण विमानों का परिचालन रोकना पड़ा। उन्होंने बताया कि भूकंप का असर पड़ोसी देशों तक महसूस किया गया और काराकस से लगभग 1,700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन क्षेत्र में भी कई इमारतों को खाली कराया गया। बृहस्पतिवार को टेलीविजन पर दिखाए गए दृश्यों में बचावकर्मी विभिन्न उपकरणों की मदद से मलबे के ढेर के बीच रास्ता बनाते हुए दिखे, जहां कभी इमारतें हुआ करती थीं। राजधानी काराकस में घबराए हुए लोग सड़कों पर निकल आए और भूकंप के बाद कई लोग मलबे के बीच लापता लोगों को ढूंढते दिखे। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि भूकंप में कम से कम 188 लोगों की मौत हो गई और 1,500 से अधिक लोग घायल हो गए। रॉड्रिगेज ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए आपातकाल की घोषणा की और कहा कि कई क्षेत्रों में इमारतें ढह गई हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी काराकस के उत्तर में स्थित ला गुएरा क्षेत्र भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित है, जिसे ÷आपदा क्षेत्र÷ घोषित किया गया है। रॉड्रिगेज ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा की वजह से दर्जनों इमारतें ढह गई हैं और बचाव अभियान तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भूकंप के चलते काराकस के पास स्थित सिमोन बोलिवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा, जबकि मेट्रो और गैस आपूर्ति सेवाएं भी रोक दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है और कुछ स्कूल भवनों का इस्तेमाल राहत शिविरों व सहायता केंद्रों के तौर पर किया जाएगा। ऑनलाइन साझा किए गए वीडियो में ला गुएरा में एक अस्पताल के बाहर दर्जनों लोगों का इलाज होते हुए देखा जा सकता है, इनमें से कुछ जमीन पर लेटे थे और कुछ बिस्तरों पर थे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि उनका देश तत्काल खोज एवं बचाव दल, चिकित्सा संसाधन और मानवीय सहायता वेनेजुएला के लिए भेज रहा है। कई अन्य देशों ने भी वेनेजुएला को सहायता देने की पेशकश की है।




## वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी महेश दीक्षित आईबी के नये प्रमुख होंगे

नई दिल्ली, (भाषा)।

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी महेश दीक्षित आसूचना ब्यूरो (आईबी) के नये प्रमुख होंगे। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने आईबी प्रमुख के रूप में दीक्षित की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, आंध्र प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी दीक्षित आईबी निदेशक के रूप में तपन कुमार डेका की जगह लेंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षित फिलहाल आईबी में विशेष निदेशक के तौर पर काम कर रहे हैं और उनके पास जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक राज्य खुफिया ब्यूरो के प्रमुख के तौर पर काम करने का अनुभव है।

# राम मंदिर 'दान गबन' मामले में 08 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

अयोध्या (उप्र), (भाषा)।

***अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित वित्तीय अनिमियतताओं से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इससे दो दिन पहले मामले की जांच करने वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपी थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि***

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, लवकुश मिश्र, रमाशंकर मिश्र, सुभाष श्रीवास्तव तथा मनीष कुमार यादव नामक व्यक्तियों और कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों के अनुसार चोरी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक षड़यंत्र समेत विभिन्न आरोपों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एसआईटी ने कुछ कठोर सिफारिशें की हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस मामले को लेकर बहुत गंभीर हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अधिकारी ने बताया कि नामजद लोगों में से ज्यादातर दान की गिनती की प्रक्रिया में शामिल थे। उन्होंने बताया कि रामशंकर यादव उर्फटिन्नू यादव के बारे में कहा जाता है कि वह ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का वाहन चालक था। टिन्नू ने हालांकि पूर्व में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान दान और चढ़ावे की रकम गिनने में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया था और कहा था कि उससे जलने वाले कुछ लोग उसका नाम उछाल रहे हैं। हालांकि उसने उन लोगों के नाम नहीं बताए थे। लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा नामक आरोपी भी मंदिर में मिले दान की रकम और अन्य कीमती सामान की गिनती का काम करते थे। इस घटनाक्रम पर टिप्पणी के लिए चंपत राय और अनिल मिश्रा समेत ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो सके। उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जून को मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी गठित की थी। यह कदम अयोध्या राम मंदिर को मिले चढ़ावे की रकम के दुरुपयोग के आरोप सामने आने के बाद उठाया गया था। एसआईटी में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं।

## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्प्लेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*

## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..। संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 9425822975









कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# कलेक्टर मृणाल मीना ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने गुरुवार 25 जून 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में***

अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एम.आर. कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार श्री सुनील वर्मा, श्रीमती मंजूला महोबिया, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने साइबर तहसील के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर तहसील प्रकरणों में समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले पटवारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान बालाघाट अनुभाग में 118, किरनापुर में 25, कटंगी में 25 तथा वारासिवनी में 20 प्रकरण लंबित पाए गए। कलेक्टर ने इन सभी मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा में जिले में 325 प्रकरण लंबित पाए गए। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले सभी लंबित सीमांकन प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि खेतों में फसल लगने के बाद सीमांकन कार्य प्रभावित होगा, इसलिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। कलेक्टर श्री मीना ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व मामलों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूरा करने तथा सभी तहसीलों में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कृषि भूमि पर आवास निर्मित होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है, वहां भूमि का डायवर्सन कराकर निर्धारित राशि की वसूली की जाए। डायवर्सन प्रकरणों में मात्र 19 लाख रुपये की वसूली होने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुए लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी तहसीलदारों को नक्शा तरमीम के कार्य में तेजी लाने और अनावश्यक लंबित प्रकरणों का निराकरण करने को कहा। प्राकृतिक आपदा राहत संबंधी आरबीसी 6-4 प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे तथा उनका त्वरित निराकरण किया जाए।

उन्होंने सभी एसडीएम को भू-अर्जन एवं आरबीसी 6-4 प्रकरणों की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी निगरानी करने के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री मीना ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण कर वहां सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीसी के माध्यम से की जिलों की समीक्षा, कई मानकों में बालाघाट रहा अग्रणी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***भोपाल से मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने 25 जून 2026 को प्रदेश के सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजस्व, स्वास्थ्य, जनजातीय कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी तथा विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।***

समीक्षा बैठक में बालाघाट जिले ने कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां दर्ज कर प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थान बनाया। स्वास्थ्य एवं पोषण विभाग की समीक्षा में गंभीर एनीमिया के प्रबंधन के मामले में बालाघाट ने 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर प्रदेश के शीर्ष तीन जिलों में स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार टीबी रोगियों को पोषण किट वितरण में भी बालाघाट ने 100 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान साझा किया। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में भी बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। कक्षा 01 से 08 तक के बच्चों के पंजीयन में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। बच्चों की अपार आईडी बनाने में भी बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। बैठक में शैक्षणिक संस्थाओं एवं परिसरो के आस-पास ड्रग फ्री जोन बनाने के निर्देश दिये गए। नशीली चीजों के रोकथाम के लिए एनकॉर्ड की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने कहा गया।

सायबर धोखाधडी के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने एवं आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाईन नंबर 1930 का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गए। पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों में 02 माह में आरोप पत्र एवं जांच रिपोर्ट अनिवार्य से प्रस्तुत करने कहा गया। विस्फोटक अधिनियम का पालन करने के लिए फटाका निर्माण एवं विस्फोटक स्थलों का पर्यवेक्षण करने कहा गया।

नवीन न्याय संहिता क्रियान्वयन में ई-साक्ष्य का कवरेज बढाने के निर्देश दिये गए। ई-साक्ष्य कवरेज में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। मोहर्रम के दौरान सावधानी बरतने और साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति निर्मित नही होने देने के निर्देश दिये गए। खनिज के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कडाई से रोक लगाने और बिना नंबर के वाहनों से खनिज का परिवहन सख्ती से रोकने के निर्देश दिये गए।

बैठक में गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन एवं एएनसी जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये गए। गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव कराने के लिए हर संभव उपाय करने कहा गया। इसी प्रकार सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन एवं उपचार करने के निर्देश दिये गए। प्रसूति सहायता एवं जननी सुरक्षा योजना की सहायता राशि का तत्परता के साथ वितरण करने और इसके प्रकरण लंबित नही रखने के निर्देश दिये गए। वर्ष 2030 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य के लिए टीबी मरीजो का चिन्हांकन कर उन्हें पोषण किट वितरित करने कहा गया।

सीएचएमओ और महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा बीएमओ और बाल विकास परियोजना अधिकारी को सप्ताह के दिन निर्धारित कर साथ में भ्रमण करने के निर्देश दिये गए। बैठक में पेयजल प्रदाय व्यवस्था एवं नलजल योजनाओं की समीक्षा की गई और नगरीय क्षेत्रों में डाग बाईट के प्रकरण रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने कहा गया। ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत अधिक से अधिक पाण्डुलिपियों का डिजिटलाईजेशन करने के निर्देश दिये।

बैठक में यह भी बताया गया कि जबलपुर संभाग ने वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरस्त एवं नवीन दावों के निराकरण में प्रदेश में सर्वोच्च प्रदर्शन किया है। बालाघाट जिला जबलपुर संभाग का हिस्सा होने के कारण इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बालाघाट जिले में नवचयनित चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना एवं मेडिकल बोर्ड में उपस्थिति की स्थिति की भी जानकारी प्रस्तुत की गई। जिले को आवंटित 54 चिकित्सा अधिकारियों में से 45 अधिकारियों ने मेडिकल बोर्ड में उपस्थिति दर्ज कराई।

मुख्य सचिव श्री जैन ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करें तथा जल जीवन मिशन एवं अन्य विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

वीडियों कांफ्रेंस में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, वन मण्डलाधिकारी श्री रेशम सिंह धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बालाघाट भाजपा कार्यालय में मनाया गया आपात काल का काला अध्याय - संविधान हत्या दिवस..

## लोकतंत्र सेनानियों का किया गया सम्मान.. लोकतंत्र रक्षक मीसाबंदियों ने बताई काली आंधी की सच्चाई..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***इंदिरा गांधी शासनकाल में 25 जून 1975 को घटित वीभत्स घटना को लेकर इस दिन को सारे देश में संविधान हत्या दिवस, आपात काल का काला अध्याय के रूप मनाया जाता है। इसी कडी में कल जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोकतंत्र के रक्षक मीसाबंदी, लोकतंत्र***

सेनानी सम्मानित हुए। जहां जिले के लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने जीवन के स्वर्णिम काल कारवास में बिताने वाले रमेश रंगलानी, शांतिलाल भंसाली, अशोक कुमार केहरी, रामसिंह, पुष्पा जैन सहित लोकतंत्र प्रेहरी अनिल कुमार खंडलेवाल, संतोष चौहान का अंगवस्त्र, श्रीफल के स्वागत-सत्कार हुआ। सर्वप्रथम सर्वप्रथम भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चन के साथ किया गया। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, प्रदीप गुड़डा जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, वरिष्ठ नेता राजकुमार रायजादा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम, जिला महामंत्री डां नरेन्द्र भैरम, जिला उपाध्यक्ष, आपातकाल काला दिवास जिला प्रभारी गोपाल आडवाणी, जिला सह मीडिया प्रभारी जितेन्द्र चौधरी मंचासिन रहे। आयोजन का सफल मंच संचालन जितेन्द्र चौधरी ने किया जबकि आभारी जनपद पंचायत अध्यक्ष फूलचंद साहरे ने माना। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने दी।

### कांग्रेस की संविधान बचाने की नौटकीः रामकिशोर कावरे

इस अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा, आपातकाल देश के लोकतंत्र के कालाधब्बा है। जिसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए उतनी ही कम होगी। बावजूद आज तक कांग्रेस ने इस अलोकतांत्रिक कार्यप्रणाली के लिए देश से आज तलक माफी तक मांगना मुनासिब तक नहीं समझा। और आज उन्हीं के नेता संविधान की पुस्तक हाथों में लेकर संविधान बचाने की गुहार लगाते नौटकी करते थकते नहीं। इनके इस कृत्य को जनता सब जानती है कि संविधान का रक्षक और भक्षक कौन है।

### क्रूर शासन जिदंगी में कभी नहीं देखा : रमेश रंगलानी

तत्कालिन मीसाबंदी रमेश रंगलानी ने आपातकाल में जेल में बिता गए पीडा से भरे दौर को याद करते हुए कहा, खाने पर पाबंदी, घूमने पर पाबंदी यहां तक बोलने पर भी पाबंदी थी। ऐसे क्रूर शासन हमने जिदंगी में कभी नहीं देखा। जबरन लोगों को जेलो ठूसा गया, झूठे आरोप लगाए गए, परिवार से दूर रखा गया। वास्तव इंदिरा गांधी का तब का शासन अंग्रेजों से भी अधिक अत्याचारी था। सही मायनों इंदिरा गांधी आपातकला लगाकर लोकतंत्र की हत्या की, संविधान का दमन किया। बिना मंत्रीमंडल के प्रस्ताव के आपातकाल देश पर थोपा गया। देश ही बालाघाट जिले में भी अनेकों लोगों ने आपातकाल भीषण यातानाएं झेली।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह मोहारे, किशोर अमूले, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला मंत्री कन्हैया चौहान, जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, जितेन्द्र चौधरी, सुमित यादव, गजेन्द्र भारद्धवाज, वंदना बारमाटे, संगिता कावरे, अर्चना गुप्ता, सिद्धांत पाटिल, यशवंत लिल्हारे, गुलशन भाटिया, मंजय भंसाली, मनोज बुचुरकुंडे, डिल्लन सिंह ताराम, वीरेन्द्र श्रीवास, दीप चौहान, संतोष सिंगारे, खिमेन्द्र गौतम, पराग सिंह राणा, हीरासिंह भाटिया, राम मिश्रा, वकील वाधवा, कमलेश पांचे, झामसिंह नागेश्वर, सोनू जैन, जूगनू जायसवाल, अखिलेश चौरे, ऋषभ बनकर, ऋषभ भाटिया, दीपाक लिल्हारे, आकाश चौहान, सिद्धार्थ वाजपेयी सहित बडी संख्या आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आपातकाल की घोर निंदा की।

# देश भाजपा संगठन ने पार्टी के प्रति समर्पित और अनुभवी को दी प्राथमिकता' - किरण त्रिवेदी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश कार्यकारिणी में गौरीशंकर बिसेन, डॉ. ढालसिंह बिसेन व लता एलकर शामिल, भाजपाइयों में हर्षबालाघाट, 25 जून 2026 - प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा कर दी गई है। इसमें जिले के पार्टी के प्रति समर्पित व अनुभवी वरिष्ठ पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर भाजपाइयों में***

प्रसन्नता का माहौल है। वरिष्ठ नेताओं के चयन पर जताया आभार भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष किरणभाई त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के कद्दावर व अनुभवी नेतृत्व को शामिल किया जाना पार्टी के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा व समर्पण भाव का सम्मान है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।



किरण त्रिवेदी ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा जिले के गौरव व पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर बिसेन, जो लंबे समय तक विधायक, सांसद एवं मंत्री रहे हैं, उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। इसके अलावा डॉ. ढालसिंह बिसेन व भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती लता एलकर को भी प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी गई है। उन्होंने तीनों नेताओं को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता किरणभाई त्रिवेदी ने कहा, प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के जिन वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है, उन्होंने पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

उनका राजनीति का काफी लंबा अनुभव संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। त्रिवेदी ने कहा कि इन अनुभवी नेताओं के शामिल होने से आगामी चुनावों में पार्टी को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

**उन्होंने कहा, भाजपा में कार्यकर्ताओं के कार्यो व संगठन के प्रति समर्पण को हमेशा सम्मान मिलता है। पार्टी समय-समय पर अपने अनुभवी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व देकर उनके अनुभव का लाभ संगठन एवं समाज के हित में लेती है।**

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
ग्रीन नेट
कारपेट्स
ताड़पत्री
डोरमेट्स
ब्लैंकेट्स
बेड शीट्स
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी
हैंडलूम हाउस
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

क्लासिफाईड विज्ञापन
सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



3 शुक्रवार 26 जून 2026

जग प्रेरणा live जिला सिवनी

बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## देते है भगवान् को धोखा-इंसान को क्या छोड़ेंगे..

# केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार, दोनों का एक ही काम, लोगों को लूटना - नरेश..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा राहुल गांधी के मंशानुरूप प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर छात्रों की गूज अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में छात्र संवाद अभियान के तहत छात्रों से संवाद किया गया।

इस संवाद का मुख्य उद्धेश्य यह था कि जमीन घोटाला, युवाओं को पेपर लीक, परीक्षा बार बार रद्ध होना, भर्ती प्रक्रिया में देरी, बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था में कमियों को जनता तक पंहुचाने के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा पत्रकार वार्ता ली गई।

पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए नरेश मरावी ने कहा कि एक तरफ केन्द्र में भाजपा अयोध्या में श्री राम मंदिर के लिए दान दाताओं द्वारा दिये गए चांदी के राम शिलाएँ, हीरे एवं सोने के हार, कागभूशिंडी की रत्नजड़ित मूर्ति और करोड़ो रूपय नगद राशि की बंदरबॉट की गई है वही दूसरी ओर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अपने दायित्वों को भूलकर मुख्यमंत्री पद का पूरा लाभ लेते हुए उज्जैन महाकाल होने वाले सिंहस्थ में जो कार्ययोजना तैयार की गई वह उनके हिसाब से तैयार की गई, जिसमें उन्होंने अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम से सैकड़ो एकड़ जमीन, सैकड़ो प्लॉट मिट्टी मोल खरीदकर पद का दुरूपयोग कर लाभ प्राप्त किया गया है, इनके रिश्तेदारो के नाम उज्जैन महाकाल में खरीदी गई भूमि इस प्रकार है नीलेश यादव 108 एकड़, गोविंद यादव 47 एकड़, डॉ. मोहन यादव 17 एकड़, श्रीमती सीमा यादव 11 एकड़, वैभव यादव 17 एकड़, शालिनी यादव 10 एकड़, नारायण यादव 19 एकड़, नंदलाल यादव 17 एकड़, कलावती यादव 17 एकड़, श्रीमती रेखा यादव 6 एकड़ इस तरह 335 एकड़ जमीन मुख्यमंत्री मोहन यादव, पत्नि, बेटा, बहू, बहन, चचेरे भाई, भाभी और पाटनर के नाम क्रय की गई है। इसके पूर्व में भी भाजपा द्वारा उज्जैन के महाकाल मंदिर में भारी भ्रष्टाचार किया गया था वहॉ अरबो की लागत से निर्मित पूज्य देवी-देवताओं की प्रतिमा हल्की सी हवा में पत्तों की तरह बिखर गई थी। यदि मोहन यादव महाकाल में हुए भूमि घोटाले की जांच कराने की बात करते है तो पहले उन्हें अपने मुख्यमंत्री पद से स्तीफा दे देना चाहिये। देते है भगवान् को धोखा-इंसान को क्या छोड़ेंगे। परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं के लिए सबसे बड़ा सदमा उस समय लगता है जब तारीख की घोषणा होने के बाद पेपर लीक हो जाते है, परीक्षाएँ रद्ध हो जाती है। इस कारण अनेक छात्र-छात्राओं ने आत्म हत्याएँ कर ली है, जिसके लिए पूरी तरह से भाजपा सरकार जिम्मेदार है। अनेक विभागों में पद रिक्त पड़े है सरकार द्वारा भर्ती नहीं की जा रही है, देश और प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या निरंतर बढ़ते जा रही है, भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है।

छात्र गूंज की सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल ने कहा कि भाजपा सरकारों में शिक्षा तंत्र जो कि आधुनिक समय में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपर लीक और पेपर रद्ध का पर्याय बन चुका है। हमारे नेता राहुल गांधी शिक्षा में अमूलचूल परिवर्तन हेतु साफ सुथरा जवाबदेह शिक्षा तंत्र देश में लागू करना चाहते है जिसमें युवा छात्रों को सहयोग करना चाहिये।

पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हनीफखान, जिला कांग्रेस प्रवक्ता द्वय जेपीएस तिवारी, राजिक अकील, जिला कांग्रेस महासचिव शिव सनोडिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, जिला पंचायत सदस्य नितिन डहेरिया, जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी शिवदीप डेहरिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सम्मानीय पत्रकार गण उपस्थित रहें।

# गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती जी के 462 वें बलिदान दिवस पर श्रृध्दांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न..






**जगप्रेरणा उगली।**

बीते 24 जून 2026 को गोंड समाज महासभा सेक्टर कमेटी उगली द्वारा सिवनी जिले के विकास खंड केवलारी अंतर्गत सोनखार तिगड्डा (उगली) में स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती जी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वृक्षारोपण सहित बड़ादेव पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में गोंड समाज महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बी एस परतेती, गोंडी भूमका प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद परते, उगली सर्किल कमेटी अध्यक्ष संग्राम सिंह भलावी, उगली सेक्टर अध्यक्ष सहत लाल सरुते, सचिव शेर सिंह मरावी, सरेखाकलां सेक्टर कमेटी अध्यक्ष चेतन सिंह परते, सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक तोप सिंह देशमुख, प्रदीप तिवारी, घनश्याम ठाकरे, साकेतराज टेम्भ्रे जनपद सदस्य,देवेश कुल्हाड़े , महेंद्र परिहार, प्रहलाद परिहार,मेघराज रहांगडाले, (सिंदरसी), बसंत देशमुख घाटखरपड़िया, गाजेश देशमुख नेवरगांव, पुलिस प्रशासन से मुख्य आरक्षक शेरसिंह बघेल,राम चरन नर्वेती, हरिप्रसाद भलावी, ढब्बू लाल उइके, चौधरी सिंह उइके, तोप सिंह मड़ावी, अशोक परते, भरत मड़ावी, शिव परते, दिनेश नरेती,दलपत मरावी, संतोष भलावी, दुर्गेश खंडाते पूर्व सरपंच बावली , हिरदेशाह इनवाती, फगूलाल खंडाते, बेनी कुंजाम, अकल सिंह वरकड़े, बद्री परते, अमोल उइके, रघुवीर सिंह परते आदि क्षेत्रीय जन व ग्राम, सेक्टर, सर्किल कमेटी के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सिंदरसी में स्थापित बड़ादेव ठाना में गोंगो पूजन व पेनठाना परिसर में वृक्षारोपण कर किया गया तत्पश्चात ग्राम की खैरो दाई, भीमाल पेन पूजन के साथ वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल पर गोंगो पूजन कर उपस्थित जनों ने माल्यार्पण व पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ वृक्षारोपण भी किया।

संबोधन की श्रृंखला में प्रदेश अध्यक्ष बी एस परतेती, महेंद्र सिंह परिहार, समाज सेवी तोप सिंह देशमुख, साकेतराज टेम्भ्रे (जनपद सदस्य) ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान पराक्रम साहस और वीरगाथा पर प्रकाश डाला और उपस्थित जनसमुदाय का आभार व कार्यक्रम समापन की घोषणा उगली सर्किल कमेटी अध्यक्ष संग्राम शाह भलावी ने किया।

# सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान का सिवनी में भव्य शुभारंभ..

### 08 जुलाई तक चलेगा 15 दिवसीय प्रदेशव्यापी महाअभियान..

### एस. पी. कृष्ण लालचंदानी ने कंट्रोल रूम से दिखाई साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 24 जून 2026 से 08 जुलाई 2026 तक प्रदेशव्यापी 'सेफक्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर 'साइबर हाइजीन' को जन-आंदोलन बनाना है।

**शुभारंभ कार्यक्रम-** आज पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा किए गए राज्यस्तरीय शुभारंभ का लाइव प्रसारण देखा गया। **SP** ने साइबर जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया एवं साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने 'सुरक्षित डिजिटल सिवनी' बनाने का आह्वान किया।

**अभियान का दायरा-** सिवनी पुलिस द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज, बैंक, पंचायत, अस्पताल, बाजार व सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक गतिविधियाँ होंगी, जिले के प्रत्येक थाना स्तर पर कार्यक्रम चलाया जाएगा।

### 15 दिवसीय कार्ययोजना की प्रमुख झलकियाँ..

**दिवस-1.अभियान का शुभारंभ**-सोशल मीडिया पर अभियान का शुभारंभ संदेश प्रसारित करना। सभी पुलिस थानों, चौकियों, पंचायतों, अस्पतालों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 1930 एवं **NCRP** पोर्टल संबंधी स्टेण्डी एवं बैनर स्थापित करना।प्रेस वार्ता एवं मीडिया ब्रीफिंग। **दिवस-2 शैक्षणिक संस्थान जागरूकता**-स्कूलों, कॉलेजों एवं तकनीकी संस्थानों में कार्यशालाएं।साइबर सुरक्षा शपथ का आयोजन।छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता। **CyberDost, NCRP** पोर्टल एवं 1930 हेल्पलाइन का प्रचार। **दिवस-3.बैंकिंग एवं वित्तीय सुरक्षा**- बैंकों, एटीएम, डाकघरों एवं सीएससी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम। डिजिटल अरेस्ट, **KYC, OTP, UPI** एवं निवेश धोखाधड़ी पर जागरूकता। पेम्फलेट वितरण। **दिवस-4.महिला एवं बाल सुरक्षा दिवस**-महिला महाविद्यालयों, महिला समूहों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम। साइबर बुलिंग, मॉर्फिंग, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं ऑनलाइन शोषण से बचाव विषयक सत्र। बाल सुरक्षा एवं ऑनलाइन गेमिंग जोखिमों पर जागरूकता। **दिवस-5.साइबर चौपाल**- ग्राम पंचायतों में साइबर चौपाल। सरपंच, सचिव, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता। साइबर अपराध रिपोर्टिंग प्रक्रिया की जानकारी। **दिवस-6.स्वास्थ्य एवं जनसेवा संस्थान जागरूकता**-अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं जनसेवा केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम। हेल्पलाइन 1930 एवं **NCRP Switch** का प्रचार। साइबर सुरक्षा संदेशों का प्रदर्शन। **दिवस-7. नुक्कड़ नाटक एवं जनजागरूकता रैली**-प्रमुख बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक। साइबर सुरक्षा रैली का आयोजन। साइबर अपराध से बचाव संबंधी संदेशों का प्रसार। **दिवस-8.सोशल मीडिया एवं इंफ्लुएंसर के माध्यम से जागरूकता**- स्थानीय सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के माध्यम से वीडियो एवं पॉडकास्ट जारी करना। साइबर जागरूकता हैशटैग अभियान चलाना। **CyberDost** सामग्री साझा करना। **दिवस-9. व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं बाजार जागरूकता**-पेट्रोल पंप, व्यापारिक प्रतिष्ठान, मंडी, हाट-बाजार एवं दुकानों में जागरूकता गतिविधियां। **QR** कोड फ्रॉड एवं ऑनलाइन भुगतान सुरक्षा पर जानकारी। **दिवस-10.धार्मिक एवं सामुदायिक जागरूकता**-धार्मिक स्थलों एवं सामुदायिक केंद्रों में साइबर सुरक्षा संदेश। सार्वजनिक उद्घोषणा एवं पेम्फलेट वितरण। सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम। **दिवस-11.शासकीय कार्यालय जागरूकता**-जिला पंचायत, नगर निकाय, न्यायालय एवं अन्य विभागों में कार्यशालाएं। सरकारी कर्मचारियों हेतु साइबर हाइजीन एवं डेटा सुरक्षा जागरूकता। **दिवस-12.मुनादी एवं विशेष जागरूकता**-कोटवारों के माध्यम से मुनादी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा घर-घर जागरूकता। **दिवस-13 सायबर पोर्टल जागरूकता**- संचार साथी/**CEIR** एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल **(NCRP)** जागरूकता का प्रचार-प्रसार। खाता फ्रीज के संबंध में बैंकिंग **GRM** पोर्टल का प्रचार-प्रसार। **दिवस-14 साइबर सुरक्षा मैराथन / रन**-जिला मुख्यालय एवं प्रमुख नगरों में साइबर रन/मैराथन। युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता। साइबर सुरक्षा शपथ। **दिवस-15 साइबर मेला एवं प्रदर्शनी**- साइबर सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन। साइबर अपराधों के प्रकार एवं बचाव उपायों का प्रदर्शन। प्रश्नोत्तरी एवं प्रतियोगिताएं।

### अन्य प्रमुख गतिविधियाँ

साइबर सुरक्षा सेमिनार, महिला-बाल सुरक्षा कार्यक्रम, धार्मिक स्थलों पर उद्घोषणा, कोटवारों से मुनादी, शासकीय कार्यालयों में डेटा सुरक्षा सत्र, **CEIR** व संचार साथी पोर्टल का प्रचार।

### सिवनी पुलिस की अपील

किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक **APK** फाइल या ऑनलाइन लेन-देन पर बिना सत्यापन विश्वास न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या **www.cybercrime.gov.in**पर शिकायत दर्ज करें।

### बोले पुलिस अधीक्षक श्री लालचंदानी..

'जागरूकता ही साइबर अपराध से सबसे बड़ा बचाव है। 'सेफक्लिक 2.0' के माध्यम से हम हर नागरिक को डिजिटल योद्धा बनाना चाहते हैं। साइबर सुरक्षा शपथ लेकर सुरक्षित डिजिटल सिवनी के निर्माण में भागीदार बनें।'

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सचिन परते, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी, लखनवाड़ा थाना प्रभारी चंद्र किशोर सिरामे, महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर, अजाक थाना प्रभारी अनंती मर्सकोले,कंट्रोल रूम प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे, सूबेदार गौरव मर्सकोले, जितेंद्र रावतकर,साइबर सेल प्रभारी देवेंद्र जायसवाल, आर नारायण सहित शहर के शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुख, एन.जी.ओ. प्रतिनिधि, धार्मिक-सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, मीडिया बंधु, हृष्टष्ट कैडेट्स, हस्र वॉलेंटियर्स एवं सृजन अभियान के किशोर-किशोरियां उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस की सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई..

### कर्वे कॉलोनी व मंगलीपेठ में रेड: 10 सटोरी गिरफ्तार, 3110 रुपये नकद जप्त..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***एसपी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में अवैध गतिविधियों पर कस रहा शिकंजा पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के नेतृत्व में जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध***

चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में आज दिनांक 25.06.2026 को शहर के प्रमुख स्थानों पर सट्टा-जुआ विरोधी रेड कार्रवाई की गई।

थाना कोतवाली टीम द्वारा अमन लॉज के पीछे मंगलीपेठ एवं कर्वे कॉलोनी हडडी गोदाम में सट्टा पट्टी लिख रहे सटोरियों पर घेराबंदी कर रेड की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 10 सटोरियों को मौके से गिरफ्तार किया गया एवं सट्टा पट्टी सहित नगदी 3110 रुपये जप्त किए गए।

### गिरफ्तार आरोपी..

परसराम पिता स्व. गणेश प्रसाद सनोडिया, उम्र 54 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सियाराम पिता शंभू सिंह बघेल, उम्र 56 वर्ष, निवासी धतुरिया, थाना लखनवाड़ा, संतू पिता मल्लू रजक, उम्र 25 वर्ष, निवासी गहलोद भवन के पास, बारापत्थर सिवनी, गजेन्द्र पिता दशरथ प्रसाद गढ़वाल, उम्र 73 वर्ष, निवासी काली मंदिर के पास, आजाद वार्ड सिवनी, मनीष पिता गनपत बंशकार, उम्र 45 वर्ष, निवासी पलारी, थाना डूंडासिवनी,

कृष्णकुमार पिता रामायण सिंह बघेल, उम्र 36 वर्ष, निवासी संगई, थाना लखनवाड़ा, सुक्कू उर्फ हितेश पिता हरीचंद्र सिंह बघेल, उम्र 35 वर्ष, निवासी संगई, थाना लखनवाड़ा, आशीष पिता गणेश प्रसाद अग्रवाल, उम्र 36 वर्ष, निवासी भैरोगंज सिवनी, सुरेश पिता बैजनाथ सिंह पटले, उम्र 52 वर्ष, निवासी राज राजेश्वरी चौक बरघाट, हाल जैन बस दलसागर के यहां चौकीदारी, दलसागर, धनीराम पिता टेकचंद कुल्हाड़े, उम्र 52 वर्ष, निवासी कर्वे कॉलोनी सिवनी, सभी 10 आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है।

### बोले पुलिस अधीक्षक लालचंदानी..

'जुआ-सट्टा सामाजिक बुराई है। इससे परिवार बर्बाद होते हैं। जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिक ऐसे कृत्यों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।'

# कक्षा 11वीं (कॉमर्स/कला) की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा, जिला-सिवनी (म.प्र.) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा ग्यारहवीं कॉमर्स एवं कला***

संकाय की 05 रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित एक सह-शैक्षणिक आवासीय संस्था है, जहाँ छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, भोजन और आवासीय व्यवस्था प्रदान की जाती है।

विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कक्षा दसवीं सत्र 2025-26 में अभ्यर्थी ही इन रिक्त सीटों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### आवेदन की अंतिम तिथि:

योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय से आवेदन-पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर 29 जून 2026 तक विद्यालय में जमा कर सकते हैं। यह आवेदन की अंतिम तिथि है।

### आवश्यक दस्तावेज..

आवेदन फॉर्म के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है- अभ्यर्थी की कक्षा दसवीं की अंकसूची, अभ्यर्थी का नवीनतम फोटो, अभ्यर्थी का जाति प्रमाण-पत्र, मूल-निवासी प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, समग्र आईडी **(Samagra ID),** अभ्यर्थी के हस्ताक्षर, अभिभावक के हस्ताक्षर, छात्र और माता-पिता का आधार कार्ड। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी अधिक जानकारी या किसी भी पूछताछ के लिए मोबाइल नंबर 9425569488 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मंगलवार को केवलारी विकासखंड में आयोजित होगी जनसुनवाई..

### विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई..

### कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सुनी जाएंगी आमजन की समस्याएं..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को केवलारी विकासखंड मुख्यालय में विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के नागरिक अपनी शिकायतें, समस्याएं, मांगें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। कलेक्टर श्रीमती मीना स्वयं आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश देंगी।जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से संवाद करने का अवसर मिलेगा।

जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होकर शासन-प्रशासन से सीधे संवाद का लाभ उठाएं। विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना है।

# कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी के मार्गदर्शन में राजस्व एवं नगरपालिका के संयुक्त दल द्वारा सिवनी स्थित भिड़े कोचिंग क्लास एवं यूक्लिड कोचिंग क्लास में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा संचालकों को सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा फायर सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।


।। श्री जीणमाता की जय ।। ।। जय गुलाब बाबा नमः ।।
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है ।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# ग्राम तुमाड़ी में तुफानी बारिश में शौचालय की दीवार ढहने से बालक की मौत..

## परिवार में छाया मातम..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***बालाघाट जिले के वारासिवनी थानाअंतर्गत ग्राम तुमाड़ी में गुरुवार 25 जून की शाम को अचानक तूफानी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त हुई, तथा इस दौरान तुमाड़ी***

निवासी जितेन्द्र नगपुरे के मकान में शौचालय की दीवार ढह गई, जिससे कि इस हादसे में 9 वर्षीय रियांश पिता जितेंद्र नगपुरे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बालक दीवार के मलबे में दब गया था। परिवारजनों ने तत्काल बालक को सिविल अस्पताल वारासिवनी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया गया है कि घटना के समय घर में केवल बालक की मां मौजूद थीं। उन्होंने ही पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद रियांश को अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी पवन यादव ने बताया कि बालक स्कूल से आने के बाद शौचालय गया था, जहां आकाशीय बिजली गिरने से दीवार ढह गई और वह उसमें दब गया। सिविल अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बालक के शव को सुरक्षित फ्रीजर में रखवा दिया है और शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# मां शारदा भवानी माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 27 जून को, तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन आज से प्रारंभ

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***वारासिवनी नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित सम्राट नगर में नवनिर्मित मां शारदा भवानी माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 25 से 27 जून 2026 तक भव्य रूप से किया जा रहा है।***

इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न वैदिक पूजन, कलश यात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा जैसे धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। आयोजन समिति के अनुसार मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत 27 जून (शनिवार) को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां शारदा भवानी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

महोत्सव के प्रथम दिन 25 जून को शाम 4 बजे शिव मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद गणेश आवाहन, पीठ पूजन, नगर भ्रमण एवं जलाधिवास सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। 26 जून को पीठ पूजन, अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास एवं सायंकाल शैयाधिवास का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 27 जून को पीठ पूजन, अभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति तथा शाम 5 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

यह आयोजन वार्ड क्रमांक 2, सम्राट नगर, अंजली फोटो स्टूडियो के पीछे, वारासिवनी (जिला बालाघाट) में आयोजित होगा। मां शारदा भवानी महिला मंडल समिति, वारासिवनी ने समस्त नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान के साक्षी बनने का आग्रह किया है।

# कुएं में उतरने से पहले जहरीली गैस की जांच अवश्य कर लें..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***फसलों की सिंचाई के लिए मोटर पंप को कुएं में नीचे तक उतारने, मोटर पंप को सुधारने या अन्य कारणों से किसानों को कुएं में उतरना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कई बार दुर्घटना हो जाती है और कुएं में उतरने वाले व्यक्ति की आक्सीजन की कमी से दम घुटने के कारण मृत्यु हो जाती है।***

बालाघाट जिले में विगत वर्षों में ऐसी अनेक घटनायें हो चुकी हैं, जिनमें जनहानि हुई है। इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के किसानों, ग्रामीणों एवं आमजन से अपील की है कि यदि किन्ही कारणों से कुएं में उतरना जरूरी हो तो कुएं में उतरने से पहले उसमें जहरीली गैस की जांच अवश्य कर लें। जांच के बाद जब संतुष्ट हो जायें कि कुएं में जहरीली गैस नहीं है और उतरना पूरी तरह से सुरक्षित है तभी कुएं में उतरें।

खेतों एवं अन्य स्थानों पर सीमेंट-कांक्रीट से बने हुए कुएं हैं । ऐसे कुओं में गोबर, पेड़ों की पत्तियां या अन्य जैविक पदार्थों के विघटन से पानी की सतह के ऊपर जहरीली गैस कार्बन डाय आक्साईड, कार्बन मोनो आक्साईड, हाईड्रोजन सल्फाईड, अमोनिया, नाईट्रोजन डाय आक्साईड बन जाती है। इन गैसों के कारण कुएं में आक्सीजन की कमी हो जाती है और जब कोई व्यक्ति कुएं में बगैर सावधानी के उतरता है तो दम घुटने से उसकी मृत्यु हो जाती है। अतः जब भी किसी व्यक्ति को कुएं में उतरना बहुत जरूरी हो तो इन गैसों की कुएं में मौजूदगी की जांच अवश्य कर लें।

कुएं में जहरीली गैस की जांच के लिए आसान उपाय अपनाये जा सकते हैं। इसके लिए जलता हुआ दिया रस्सी के सहारे कुएं के पानी की सतह ले जायें। यदि दिया पानी की सतह के पास जाकर बुझ जाता है तो समझ लें कि कुएं में जानलेवा जहरीली गैस मौजूद है। कुएं से जहरीली गैस को बाहर निकालने के लिए एक छाते को फैलाकर उसे रस्सी के सहारे उल्टा पानी की सतह तक ले जायें और अंदर की हवा को छाते से बार-बार ऊपर की ओर खींचे। बार-बार ऐसा करने से कुएं के भीतर मौजूद जहरीली गैस बाहर निकल जायेगी। उल्टे छाते से जहरीली गैस को बाहर निकालने के बाद एक बार फिर से जलता हुआ दिया रस्सी के सहारे पानी की सतह तक ले जायें। यदि दिया पानी की सतह के पास जाकर बुझता नहीं है और अच्छे से जलता रहता है तो समझ जायें कि कुएं में जहरीली गैस मौजूद नहीं है। कुएं से जहरीली गैस को बाहर निकालने के लिए ऊपर से पानी का छिड़काव भी किया जा सकता है।

# हरित खाद से बढ़ेगी खेत की उर्वरता: ग्राम टिंगीपुर के कृषक भैयालाल गौतम ने 3 एकड़ में लगाया ढेंचा..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***कृषि में रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता को कम करने और मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता को बनाए रखने के लिए किसान अब हरित खाद की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड बिरसा के ग्राम टिंगीपुर के प्रगतिशील कृषक श्री भैयालाल गौतम ने***

अपने 3 एकड़ खेत में ढेंचा की फसल लगाकर क्षेत्र के किसानों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ढेंचा एक महत्वपूर्ण हरित खाद फसल है, जिसे खेत में उगाकर बाद में मिट्टी में मिला दिया जाता है। इससे भूमि में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है तथा मिट्टी की संरचना में सुधार होता है। ढेंचा की फसल वायुमंडलीय नत्रजन को भूमि में स्थिर करने की क्षमता रखती है, जिससे मिट्टी को प्राकृतिक रूप से नत्रजन प्राप्त होता है और आगामी फसलों के लिए पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ जाती है।

कृषक श्री भैयालाल गौतम ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों की बढ़ती लागत को देखते हुए उन्होंने ढेंचा की खेती को अपनाया है। ढेंचा की फसल को खेत में पलटने से मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है, भूमि भुरभुरी बनती है तथा सूक्ष्म जीवों की सक्रियता में वृद्धि होती है।

इससे फसल उत्पादन की लागत कम होने के साथ-साथ भूमि की दीर्घकालिक उत्पादकता भी बनी रहती है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ढेंचा जैसी हरित खाद फसलों का उपयोग प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देता है। यह फसल मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ाने, पोषक तत्वों की उपलब्धता सुधारने तथा रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशेष रूप से धान एवं अन्य खरीफफसलों की बुवाई से पूर्व ढेंचा का उपयोग किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरित खाद फसलों के उपयोग के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि यदि अधिक से अधिक किसान ढेंचा जैसी फसलों को अपनाएं, तो मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार के साथ कृषि उत्पादन को भी टिकाऊ बनाया जा सकता है।

ग्राम टिंगीपुर में श्री भैयालाल गौतम द्वारा की गई यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों को भी प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। इससे न केवल भूमि की उर्वरता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय और कृषि की स्थिरता को भी नया आधार मिलेगा।

# प्रदेश भाजपा संगठन में बालाघाट के अनुभव का सम्मान : राजेश पाठक..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी की नवघोषित प्रदेश कार्यकारिणी में बालाघाट जिले के वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है। जिला भारतीय जनता पार्टी के विशेष आमंत्रित स्थायी सदस्य राजेश पाठक***

ने इसे बालाघाट जिले के अनुभव, समर्पण और संगठनात्मक योगदान का सम्मान बताते हुए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

राजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में महाकौशल क्षेत्र के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेताओं को स्थान देकर संगठन ने यह संदेश दिया है कि पार्टी अपने समर्पित कार्यकर्ताओं और नेताओं के अनुभव का सदैव सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि जिले के गौरव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर बिसेन, जो सात बार विधायक, दो बार सांसद और तीन बार मंत्री रह चुके हैं, को प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाना बालाघाट के लिए गर्व का विषय है।

इसी प्रकार चार बार विधायक, एक बार सांसद एवं पूर्व मंत्री डॉ. ढालसिंह बिसेन को भी प्रदेश संगठन में स्थान देकर उनके लंबे राजनीतिक एवं संगठनात्मक अनुभव का सम्मान किया गया है।

उन्होंने प्रदेश महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेता श्रीमती लता एलकर को भी प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण और संगठन विस्तार में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ प्रदेश संगठन को निश्चित रूप से मिलेगा।

राजेश पाठक ने कहा कि इन सभी नेताओं ने अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन में जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और जनसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उनके लंबे अनुभव और संघर्ष को शब्दों में व्यक्त करना आसान नहीं है।

प्रदेश नेतृत्व द्वारा उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपना न केवल उनके योगदान का सम्मान है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का विषय भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता के समर्पण, निष्ठा और परिश्रम का सम्मान किया जाता है। पार्टी समय-समय पर अपने अनुभवी कार्यकर्ताओं और नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व देकर उनके अनुभव का लाभ संगठन और समाज के हित में लेती है। यही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है, जिसके कारण पार्टी निरंतर विस्तार कर रही है और जनता का विश्वास प्राप्त कर रही है। राजेश पाठक ने कहा कि आज देश के अधिकांश हिस्सों में भाजपा की मजबूत उपस्थिति है और वर्तमान में 19 राज्यों में भाजपा अथवा भाजपा समर्थित सरकारें कार्य कर रही हैं। यह सफलता करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संगठन की मजबूत कार्यशैली और नेतृत्व की दूरदर्शिता का परिणाम है।

उन्होंने स्वयं को पुनः जिला भाजपा कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किए जाने पर जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी प्रदान की है, उसके लिए वे हृदय से धन्यवाद देते हैं। भविष्य में पार्टी जो भी दायित्व उन्हें सौंपेगी, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करेंगे।

अंत में राजेश पाठक ने कहा कि बालाघाट जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हैं तथा विश्वास व्यक्त करते हैं कि जिले के वरिष्ठ नेताओं का अनुभव प्रदेश संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके मार्गदर्शन में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और जनसेवा के अपने संकल्प को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

# ग्राम गोंगलई में कृषि सखी द्वारा किसानों को डीएसआर तकनीक की दी गई जानकारी..

## अरहर बीज का किया गया वितरण






जगप्रेरणा बालाघाट।

***कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने एवं फसल उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 25 जून 2026 को विकासखंड के ग्राम गोंगलाई में***

कृषिसखी श्रीमती प्रमिला दीदी द्वारा किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषिसखी प्रमिला दीदी ने किसानों को धान की डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई करने पर पानी की बचत होती है, श्रम एवं उत्पादन लागत में कमी आती है तथा फसल का बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

किसानों को डीएसआर तकनीक अपनाने के लाभ एवं इसकी वैज्ञानिक विधियों की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही किसानों को खरीफमौसम में दलहन फसलों के रकबे में वृद्धि एवं आय बढ़ाने के उद्देश्य से अरहर बीज का वितरण किया गया। कृषिसखी ने किसानों को अरहर की उन्नत खेती, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं फसल संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने डीएसआर तकनीक एवं अरहर की खेती के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने में रुचि दिखाई। किसानों ने इस प्रकार के मार्गदर्शन एवं बीज वितरण कार्यक्रमों को कृषि विकास के लिए उपयोगी बताया।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433




# मिशन एड्स सुरक्षा के अन्तर्गत 95-95-99 लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित..



जगप्रेरणा कटंगी।

***जिला चिकित्सालय बालाघाट स्थित* ART Meeting Hall *में मिशन एड्स सुरक्षा अंतर्गत 95-95-99 लक्ष्यों की प्राप्ति एवं* HIV/AIDS *नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में **Spouse Testing, Partner Testing, Inde& Testing, TB-HIV Cross Referral, ART Linkage, SOCH Portal** रिपोर्टिंग , जोखिम लक्षित समुदाय तक पहुंच कर **hiv** स्क्रीनिंग करने हेतु एक्शन प्लान बनाने हेतु तथा विभिन्न **NACP** परियोजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में **DTO** डॉ. सोनकर, **MO** डॉ. मीनल नगपुरे, नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा, **YRG Technical E&pert** दानिश अंसारी, दिशा बालाघाट के प्रतिनिधि, **NACP (ART,ICTC,DSRC, TIP, Lws, jail intervention, vihan)**, समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। बैठक के अंत में दिशा यूनिट द्वारा अधिकारियों द्वारा बताए गए दिशा निर्देश प्रदान किए गए तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आज 5 घंटों के लिए बंद हो जाएंगे पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के कपाट, भगवान जगन्नाथ करेंगे देवी रुक्मणी का हरण..



डेस्क जगप्रेरणा।

*भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने बताया है कि गुरुवार,*

25 जून 2026 को मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के कारण 5 घंटों के लिए आम श्रद्धालुओं का दर्शन बंद रहेगा।

### प्राचीन धार्मिक परंपराओं में से एक..

मंदिर प्रशासन के आधिकारिक नोटिस के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी के दिव्य विवाह से जुड़े रुक्मिणी हरण एवं विवाह उत्सव नीति का आयोजन किया जाएगा। यह श्री जगन्नाथ मंदिर की प्राचीन और महत्वपूर्ण धार्मिक परंपराओं में से एक है।

### विधि-विधान के साथ संपन्न की जाएंगी रस्में..

इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा राजकुमारी रुक्मिणी के हरण और उनके दिव्य विवाह की पवित्र रस्में मंदिर में विधि-विधान के साथ संपन्न की जाएंगी।

इन विशेष नीतियों के सुचारु और निर्विघ्न आयोजन को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने आम श्रद्धालुओं के दर्शन पर अस्थायी रोक लगाने का निर्णय लिया है।

### आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे कपाट..

आधिकारिक सूचना के अनुसार, प्रथम भोग मंडप की पूजा पूरी होने के बाद दोपहर 1:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे।

### श्रद्धालुओं सी की गई खास अपील..

मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि जो भक्त गुरुवार को दर्शन के लिए पुरी आने की योजना बना रहे हैं। वे अपने दर्शन सुबह के समय ही कर लें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### दर्शन व्यवस्था में अस्थायी बदलाव..

मंदिर प्रशासन का कहना है कि यह विशेष धार्मिक आयोजन मंदिर की परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए दर्शन व्यवस्था में यह अस्थायी बदलाव किया गया है।

### मंदिर में भक्तों की संख्या बढ़ने की भी संभावना..

हर साल आयोजित होने वाला रुक्मिणी हरण एवं विवाह उत्सव श्रद्धालुओं के बीच विशेष धार्मिक महत्व रखता है। ऐसे में इस अवसर पर मंदिर में भक्तों की संख्या बढ़ने की भी संभावना है। इसी कारण प्रशासन ने पहले ही दर्शन के समय में बदलाव की जानकारी सार्वजनिक कर दी है, ताकि श्रद्धालु अपनी यात्रा और दर्शन की योजना उसी के अनुसार बना सकें।

# महाराष्ट्र के पनवेल में जहरीला पानी पीने से 7 गायों की मौत और 19 बीमार, केमिकल वाले पानी से महिलाओं को भी मिसकैरिज की शिकायत..



डेस्क जगप्रेरणा।

*महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पनवेल में प्रदूषण का ऐसा भयावह चेहरा सामने आया है जिसने 'गौमाता' और 'माताओं' दोनों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।*

आरोप है कि डंपिंग ग्राउंड से निकलने वाला केमिकल युक्त और दूषित पानी तालाबों व जलस्रोतों में मिल रहा है, जिसके चलते एक घंटे के भीतर 7 गायों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य गायें विषबाधा का शिकार हुईं।

### जहरीले पानी से इंसानों की सेहत पर भी गंभीर असर..

स्थानीय लोगों का दावा है कि यही जहरीला पानी इंसानों की सेहत पर भी गंभीर असर डाल रहा है। महिलाओं में मिसकैरेज के मामलों में बढ़ोतरी और कैंसर जैसी बीमारियों की शिकायतें सामने आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि यह मुद्दा विपक्ष ने नहीं बल्कि सत्ताधारी बीजेपी के ही विधायक विक्रांत पाटिल ने विधान परिषद में उठाया।

### BJP विधायक ने ही प्रशासन पर उठाए सवाल..

पनवेल से जुड़े विक्रांत पाटिल ने आरोप लगाया कि सिडको प्रशासन की लापरवाही के कारण डंपिंग स्टेशन में खतरनाक रासायनिक कचरा डाला जा रहा है। उन्होंने सदन में मृत गायों की तस्वीरें और पानी की जांच रिपोर्ट भी पेश की। उनका दावा है कि जांच में प्रदूषण के स्तर कई गुना अधिक पाए गए और पानी में ऑक्सीजन की मात्रा लगभग शून्य थी, यानी यह पानी जहर में तब्दील हो चुका है।

### UBT और कांग्रेस ने महाराष्ट्र सरकार को घेरा..

इस मुद्दे पर अब राजनीति भी तेज हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए कहा कि बीजेपी गौमाता के नाम पर राजनीति तो करती है, लेकिन जब महाराष्ट्र में प्रदूषित पानी से गायों की मौत हो रही है और महिलाओं का स्वास्थ्य खतरे में है, तब सरकार की जवाबदेही कहां है? विपक्ष का आरोप है कि महाराष्ट्र में न गौमाता सुरक्षित हैं और न ही माताएं।

### महाराष्ट्र के मंत्रियों ने दिया कार्यवाही का आश्वासन..

वहीं, सरकार ने मामले को गंभीर बताते हुए कार्रवाई का भरोसा दिया है। रायगढ़ के ही मंत्री भरत गोगावले ने कहा कि उद्योग मंत्री ने तत्काल जांच और प्रदूषण रोकने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने भी माना कि यह बहु-विभागीय मामला है और इसमें पर्यावरण, शहरी विकास, सिंचाई तथा जल संरक्षण विभागों को मिलकर काम करना होगा। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।


### जहरीले पानी से पशुओं और इंसानों की सेहत पर असर..

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर पानी वास्तव में इतना जहरीला है कि उससे पशुओं की मौत हो रही है और इंसानों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है, तो जिम्मेदार कौन है? और क्या तीसरी मुंबई के सपने दिखाने वाले पनवेल में रहने वाले लोगों को स्वच्छ पानी

और सुरक्षित वातावरण मिल पाएगा? फिलहाल जनता कार्रवाई का इंतजार कर रही है, लेकिन अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह मुद्दा सड़कों से लेकर विधानसभा तक और बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर सकता है।

## 31 मई को रेकी, 18 जून को हत्या..

# केतन अग्रवाल हत्याकांड में पुलिस का चौंकाने वाला खुलासा..



डेस्क जगप्रेरणा।

*केतन अग्रवाल हत्याकांड को लेकर पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक (SP) संदीप गिल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जांच के दौरान पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं, जिससे साफ होता है कि यह हत्या अचानक नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई थी।*

### 31 मई को की गई थी रेकी..

एसपी संदीप गिल के अनुसार, आरोपी कपल ने सबसे पहले 31 मई को लोनावला के प्रसिद्ध लोहगढ़ किले का दौरा किया था। केतन अग्रवाल को ट्रेकिंग का काफी शौक था, और इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने उन्हें वहां बुलाया। उसी दिन या उसके कुछ ही दिनों के भीतर आरोपियों के मन में केतन को पहाड़ी से नीचे धकेल कर मारने का आइडिया आया था।

### 4 जून का प्लान हुआ था फेल..

पुलिस की तफ्तीश में यह बात भी सामने आई है कि आरोपियों ने इसके बाद 4 जून को दोबारा लोहगढ़ किले पर जाने का प्लान बनाया था, ताकि घटना को अंजाम दिया जा सके। हालांकि, किसी कारणवश उस दिन उनका यह प्लान सफल नहीं हो पाया। इसके बाद बीच में पासपोर्ट मिसप्लेस होने की घटना भी सामने आई थी।

### 14 जून का असफल प्रयास और 18 जून को वारदात..


एसपी गिल ने आगे बताया कि 14 जून को भी आरोपियों ने उसी पॉइंट से केतन अग्रवाल को नीचे धकेलने का प्रयास किया था, लेकिन वह प्रयास भी असफल रहा। खास बात यह रही कि इस दौरान केतन अग्रवाल के मन में आरोपियों को लेकर कोई शक पैदा नहीं हुआ, क्योंकि आरोपियों ने उनके सामने पूरी स्थिति को एक अलग ही ढंग से पेश किया था 14 जून का प्रयास विफल होने के बाद, आरोपियों ने तय किया कि 18 जून को आरोपी चेतन चौधरी खुद वहां जाएगा और इस घटना को अंजाम देगा। आखिरकार, 18 जून को उसी निश्चित पॉइंट से केतन अग्रवाल को नीचे धकेल दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### केतन अग्रवाल जिसकी हुई हत्या..

बता दें कि केतन अग्रवाल (25) अपनी फैमिली फर्म 'सक्सेस ग्रुप' में डायरेक्टर था, जो महाराष्ट्र में वेयरहाउस बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इस साल फरवरी में उसके मामा ने रिश्ता तय करवाया और उनकी सगाई सिया गोयल (20) से हुई। दोनों की शादी इस नवंबर में होने वाली थी, इसके लिए उदयपुर में होटल भी बुक हो चुके थे।

गोयल भी पुणे के एक अमीर बिज़नेस परिवार से है, लेकिन अग्रवाल परिवार को इस बात की भनक तक नहीं थी कि वह चेतन चौधरी (22) से प्यार करती थी।

# हजरत दुल्लेशाह बाबा का सालाना उर्स 30 को..



जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी के सालेटेकरी मार्ग पर स्थित हजरत अब्दुल रहमान शाह बाबा दुल्लेशाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह से 55 वॉ सालाना उर्स 30 जून को सालेटेकरी मार्ग स्थित दरगाह से पूरी शानो शौकत इबादत के साथ कौमी एकता उर्स कमेटी के तत्वाधान में मनाया जायेगा।*

कमेटी सदस्य के द्वारा जानकारी में बताया गया की उर्स कमेटी के दरगाह शरीफविभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये है जिसमें 30 को 4 बजे शाही संदल जो कि नगर भ्रमण करते हुये रात्रि 9 बजे दरगाह शरीफपंहुचेंगा जंहा दरगाह में चादर पेश की जावेगी। रात्रि 9 बजे से लंगरे आम का आयोजन किया गया है। रात्रि 10 बजे से शानदार कव्वाली आयोजन कौमी एकता उर्स कमेटी के तत्वावधान में किया जायेगा। कौमी एकता उर्स कमेटी ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुये कहा है कि सभी बाबा को चाहने वाले उक्त आयोजन में पंहुचे। आयोजन संरक्षक हाजी जमील खान, राशिद खान बबलम, रफिक खान, कौमी एकता उर्स कमेटी के अध्यक्ष नसीमुद्दीन खान, सदस्यगण आशीष सोनू श्रीवास्तव, जहीर खान, सोनू दुबे, तकीब कुरैशी, आशिफ अंसारी, शेख जावेद पप्पू, वसीम शेख, जानी खान, मोहसीन साबरी, असीम खान, सुफीयान खान, साहिल अंसारी, असलम खान, तन्वीर खान, अमन रेहान, राजा राईन, सोभी राईन, साजिद शालू अली,ख्मलीक खान, फिरदोस खान, शोहेब शेख, कार्तिक पशीने, अमित आसटकर, रेहान रजा आदि के द्वारा उक्त आयोजन मे शरीक होने की अपील की है।

## परंपरा और इबादत के साथ मनाया जाएगा मोहर्रम

# उर्स पर्व शांति समिति की बैठक संपन्न..



जगप्रेरणा लांजी।

*पुलिस थाना लांजी में 25 जून को थाना प्रभारी दीपसिंह परमार की उपस्थिति में मोहर्रम एवं उर्स को शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व एवं निकाले जाने वाले ताजिए के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।*

जिसमें बताया गया 26 जून दशमीं तिथि पर शाम 4 बजे ताजिए निकले जाएंगे, जिन्हें नगर का गस्त करते हुए बालाघाट रोड़ हिरोला तालाब में ठंडे किए जाएंगे। इसके अलावा उर्स कमेटी के सदस्यों ने जानकारी में बताया कि नगर के सालेटेकरी मार्ग रेस्टहाउस के पास स्थित हजरत अब्दुल रहमान शाह बाबा दुल्लेशाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर 30 जून को सालाना उर्स लगेगा। इस दौरान शाही संदल निकालकर नगर का भ्रमण किया जाकर दरगाह पर चादर पेश की जाएगी। विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 29 जून 2026, सुबह - गुसल मजार ए पाक, रात 9.00 बजे मिलाद शरीफ, 30 जून 2026 को 2.00 बजे संदल निकाला जायेगा जो शहर का गस्त करता हुआ दरबार में पहुंचेगा और चादर चढ़ाई जायेगी रात में लंगर का भी इंतजाम रखा गया है। इसके उपरांत रात्रि 9.00 बजे कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। पुलिस ने सभी कार्यक्रमों को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने की अपील की है।

# मिर्जापुर में सड़क दुर्घटना में दो बहनों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*मिर्जापुर जिले के पड़री क्षेत्र में सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आने से दो लड़कियों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र का निवासी भोलानाथ मोटरसाइकिल पर अपनी भतीजियों संगीता (19) और अमृता (तीन) को लेकर शक्तेशगढ़ जा रहा था,*

तभी पड़री थाना क्षेत्र के डगमगपुर चौराहे पर चुनार की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दोनों लड़कियां ट्रक के पहिये के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि भोलानाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

उन्होंने बताया कि दोनों लड़कियों के शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे गये हैं जबकि उनके भोलानाथ का इलाज किया जा रहा है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने समझा जल गुणवत्ता कार्यप्रणाली

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण..



जगप्रेरणा लांजी।

*जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरुवार 25 जून 2026 को जनपद पंचायत कार्यालय लांजी में जल गुणवत्ता परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण की तकनीकी जानकारी प्रदान करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के पांच प्रमुख सेक्टर–कालीमाटी, बहेला, कारंजा, भानेगांव एवं दिघोरी की 137 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) बालाघाट के कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके एवं लांजी उपखंड के सहायक यंत्री रवीन्द्र हटेवार द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता जांचने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि इस किट की सहायता से जल के विभिन्न गुणवत्ता मानकों की त्वरित एवं सटीक जांच की जा सकती है, जिससे जल संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उचित कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्रोतों की नियमित जांच करने तथा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट से श्रीमती शीतल मिश्रा, हरीश झा (पीएमयू समन्वयक), ब्लॉक समन्वयक ओमप्रकाश शिवनकर, श्रीमती रानी सिंह राजपूत, फनीश रंगारे,

श्रीमती मोहिनी पटले, श्रीमती श्रुति डहाटे, केमिस्ट उज्जवल हरिन्द्रवार तथा हैंडपंप टेक्नीशियन युग्नेश बिजेवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती लता वर्मा का सहयोग रहा।

## मनेरी ग्राम के दायित्वनिधि ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# आई आई एम लखनऊ में चयन होने पर बधाईयों का ताता..





जगप्रेरणा लांजी।

*क्षेत्र के ग्राम मनेरी निवासी दायित्वनिधि गौतम ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान आईआईएम लखनऊ में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।*

उनका चयन वर्ष 2026-2028 बैच के लिए हुआ है, जिससे परिवार एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। दायित्वनिधि, महेंद्र गौतम एवं श्रीमती ज्योति गौतम के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद वीएनआईटी नागपुर से बी.टेक. की पढ़ाई पूरी की। इसके पश्चात उन्होंने लगभग दो वर्षों तक निजी क्षेत्र में कार्य कर व्यावसायिक अनुभव प्राप्त किया।

अपनी उच्च शिक्षा और प्रबंधन क्षेत्र में आगे बढ़ने के लक्ष्य के साथ दायित्वनिधि ने कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT) की तैयारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया। उनकी इस उपलब्धि के आधार पर देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम लखनऊ में चयन हुआ है।

दायित्वनिधि की इस सफलता पर बड़े पापाव बड़ी मम्मी व परिजनों, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से भविष्य में भी नई उपलब्धियां हासिल कर क्षेत्र एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।




# शेफाली के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की 34 गेंदों में 53 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने महिला टी20 विश्व कप में बृहस्पतिवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं।***



भारतीय टीम की क्षेत्ररक्षण एक बार फिर निराशाजनक रही और खिलाड़ियों ने कई आसान मौके गंवाए, लेकिन बल्लेबाजों ने 137 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए 16.5 ओवर में जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश को आठ विकेट पर 136 रन पर रोकने के बाद भारत ने 16.5 ओवर में पांच विकेट पर 139 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफहार के बाद दबाव में उतरी भारतीय टीम को लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने स्पिन और तेज गेंदबाजों दोनों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 63 रन तक पहुंचा दिया। शेफाली ने महज 29 गेंद में इस विश्व कप का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया।

वह हालांकि नौवें ओवर में असामान्य तरीके से स्टंप आउट हो गई। नाहिदा अख्तर की गेंद पर अंदरूनी किनारा लगने के बाद उन्होंने एक रन लेने की कोशिश की, लेकिन विकेटकीपर ने गेंद पकड़कर गिल्लियां बिखेर दी।

बीच के ओवरों में रनगति कुछ धीमी पड़ी, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स ने 15 गेंदों पर 26 रन की तेज पारी खेलकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इस जीत के बावजूद भारत के लिए सेमीफाइनल की राह अभी आसान नहीं है। अंतिम चार में जगह बनाने के लिए उसे 28 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाला मुकाबला जीतना होगा।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार में भी खराब क्षेत्ररक्षण भारत के लिए महंगा साबित हुआ और इस मुकाबले में स्थिति और चिंताजनक दिखी। भारतीय खिलाड़ियों ने पावरप्ले में ही चार आसान कैच टपका दिए। कैच छोड़ने वालों में नंदनी शर्मा (दो कैच), यास्तिका भाटिया और राधा यादव शामिल रहीं। राधा ने पिछले मैच में भी दो कैच छोड़े थे। भारतीय क्षेत्ररक्षकों की गलतियों का सबसे अधिक फायदा सलामी बल्लेबाज जुयैरिया फिरदौस को मिला, जिन्हें पांचवें ओवर तक तीन जीवनदान मिले। हालांकि वह इन मौकों का पूरी तरह फायदा नहीं उठा सकीं और 31 गेंदों पर 33 रन बनाकर आउट हो गईं। पिच पर दौड़ने को लेकर दो बार चेतावनी झेलने वाली नंदनी ने बाद में शानदार कैच लेकर फिरदौस को पवेलियन भेजा। फिरदौस और शोभना मोस्तारी (26 गेंद में 22 रन) के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 रन की उपयोगी साझेदारी हुई थी। गेंदबाजी में भारत ने इस मैच में रेणुका सिंह ठाकुर को मौका दिया और उन्होंने अपने पहले ही ओवर में सफलता दिलाई। सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (चार) पुल शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गईं।

भारत ने स्पिनरों की मददगार परिस्थितियों का भरपूर उपयोग किया। राधा यादव ने गेंद से शानदार वापसी करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कप्तान निगार सुल्ताना (27 गेंदों पर 32 रन) और शोभना को जल्दी-जल्दी आउट किया। अंतिम ओवर में श्री चरणी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए सिर्फ तीन रन दिए और दो विकेट भी झटके। ब्रिटेन में इस समय पड़ रही असामान्य गर्मी के कारण स्पिन गेंदबाजों को अपेक्षाकृत अधिक मदद मिल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत ने भी बांग्लादेश की पारी के दौरान मुख्य रूप से स्पिन गेंदबाजों पर भरोसा किया। क्षेत्ररक्षकों के चार कैच छोड़ने के अलावा भारतीय गेंदबाजों ने सात वाइड और तीन नो-बॉल भी फेंकीं।

# सामंथा रुथ ने मैटरनिटी ब्रेक का किया ऐलान, फैंस को दी खुशखबरी, बोलीं- 'मैं जल्द वापस आऊंगी'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। उन्होंने अपनी हालिया फिल्म 'मा इंटी बंगारम' की सक्सेस मीट के दौरान यह खुशखबरी दी है,***



जिससे उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया। इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए सामंथा ने यह भी बताया कि वह अपने मौजूदा काम पूरे करने के बाद कुछ समय के लिए काम से ब्रेक लेने का प्लान बना रही हैं। प्रेग्नेंट सामंथा ने अपनी मैटरनिटी लीव का ऐलान किया है।

## सामंथा रुथ प्रभु बनने वाली हैं मां..

यह कन्फर्मेशन तब आया, जब फिल्म की सक्सेस पार्टी के वीडियो और तस्वीरों के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके प्रेग्नेंट होने का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया था। कई फैंस ने सामंथा का बेबी बंप देखने के बाद दावा किया था कि वह प्रेग्नेंट हैं। सामंथा के खुद इन खबरों पर कुछ कहने से पहले ही फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने 'स्क्रीन' को बताया था कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंसी के शुरुआती दौर में हैं और अपनी जिंदगी के इस नए चैप्टर को लेकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, 'सामंथा अपनी प्रेग्नेंसी के पहले ट्राइमेस्टर में हैं और कपल इसे लेकर बहुत खुश है खासकर सामंथा, जो हमेशा से मां बनना चाहती थीं।'

## सामंथा रुथ का बेबी बंप दिखना था प्लान का हिस्सा..

डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी ने 'मा इंति बंगारम' की सफलता के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'उनकी प्रेग्नेंसी का वक्त बहुत अच्छे समय पर आया है और इसी दौरान हमारी फिल्म मा इंति बंगारम भी हिट साबित हुई।' डायरेक्टर ने आगे यह भी बताया कि सक्सेस इवेंट में सामंथा का आना, जहां से पहली बार अटकलें शुरू हुई थीं। वह सब कुछ उन्होंने प्लान किया था।

## सामंथा-राज निदिमोरु की शादीशुदा जिंदगी

सामंथा ने दिसंबर 2025 में कोयंबटूर के ईशा योग सेंटर में स्थित लिंग भैरवी मंदिर में एक प्राइवेट सेरेमनी में फिल्ममेकर राज निदिमोरु से शादी की। इस कपल की पहली मुलाकात 'द फ़ैमिली मैन 2' पर साथ काम करते हुए हुई थी, जिसमें सामंथा को 'राजी' के किरदार के लिए काफी तारीफ मिली थी। उनका प्रोफेशनल साथ 2024 में 'सिटाडेलः हनी बनी' के साथ जारी रहा। राज से शादी करने से पहले सामंथा की शादी 2017 से 2021 तक एक्टर नागा चैतन्य से हुई थी, जबकि राज की पहली शादी श्यामली डे से हुई थी।

# मेक्सिको के दिग्गज गोलकीपर गिलेर्मो ओचोआ ने फुटबॉल से लिया संन्यास, बनाया था ऐतिहासिक रिकॉर्ड..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मेक्सिको के अनुभवी गोलकीपर गिलेर्मो ओचोआ ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपना आखिरी मैच खेलकर एक नया इतिहास बना दिया है। चेकिया के खिलाफ हुए ग्रुप-ए के मैच में वे 77वें मिनट में खेलने उतरे।***



मैदान पर कदम रखते ही वे वर्ल्ड कप में मेक्सिको की तरफसे खेलने वाले सबसे सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। ओचोआ ने यह रिकॉर्ड 40 साल 346 दिन की उम्र में बनाया। इसके साथ ही उन्होंने मेक्सिको के पूर्व कप्तान राफा मार्केज का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 2018 के वर्ल्ड कप में 39 साल 139 दिन की उम्र में यह रिकॉर्ड बनाया था। इसके साथ ही उन्होंने प्रोफेशनल फुटबॉल से रिटायरमेंट ले लिया।

## लुइस एंजेल मालागोन की जगह गिलेर्मो ओचोआ को मिला मौका..

ओचोआ ने पहले ही इशारा कर दिया था कि 2026 वर्ल्ड कप के बाद वे इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। चेकिया के खिलाफहुआ यह मैच मेक्सिको के लिए उनका आखिरी मैच रहा। इस मैच में उन्हें खेलने का मौका तब मिला, जब मेक्सिको के मेन गोलकीपर लुइस एंजेल मालागोन चोटिल हो गए थे। इसके बाद ओचोआ ने अपनी टीम के लिए शानदार खेल दिखाया और उन्होंने इस मौके को हमेशा के लिए यादगार बना दिया।

## छह वर्ल्ड कप खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हुए गिलेर्मो ओचोआ..

चेकिया के खिलाफ मैच में उतरते ही ओचोआ दुनिया के उन खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने छह फीफा वर्ल्ड कप खेले हैं। इस खास लिस्ट में अब उनके साथ अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम भी जुड़ गया है। ओचोआ 2006 और 2010 के वर्ल्ड कप में बैकअप गोलकीपर के रूप में टीम में थे, जबकि 2014, 2018 और 2022 के वर्ल्ड कप में उन्हें मेन गोलकीपर के रूप में टीम में जगह मिली थी। आपको बता दें कि मेक्सिको ने इस मैच में चकिया को 3-0 से मात दी थी।

## मेक्सिको की जीत के बाद ओचोआ ने क्या कहा?

मेक्सिको की 3-0 से जीत के बाद ओचोआ ने फैंस को लेकर कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि लोग आपकी मेहनत और कोशिशों को समझते हैं। मैं हमेशा उनके लिए अपना सबसे अच्छा खेल दिखाने और अपनी एक पहचान छोड़ने की कोशिश करता हूं। मुझे लगता है कि आज से बेहतर विदाई मेरे लिए नहीं हो सकती थी। ओचोआ के लिए विदाई का यह मैदान भी बहुत खास था। उनका आखिरी मैच एज्टेका स्टेडियम में हुआ। यह वही मैदान है जहां उन्होंने साल 2004 में क्लब अमेरिका के लिए पहली बार पेशेवर फुटबॉल खेलना शुरू किया था।

# 'पठानों से कहना चौहान आ रहा है', अजय देवगन ने धमाकेदार अंदाज में किया नई फिल्म का ऐलान, पहली झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अजय देवगन हमेशा ही अपनी दमदार एक्टिंग और फिल्मों के सिलेक्शन से दर्शकों को इंप्रेस कर रहे हैं। एक ओर उनकी फिल्म 'धमाल 4' आने वाली है, जो कॉमेडी का तड़का लगाएगी, वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपनी एक और अपकमिंग फिल्म के टाइटल का ऐलान कर दिया है।***



बॉलीवुड के ओजी एक्शन स्टार एक बार फिर उसी जोनर में लौटने के लिए तैयार हैं जिसने उन्हें स्टार बनाया था। अजय देवगन की नई मास-एंटरटेनर फिल्म 'चौहान' का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया गया है। फिल्म का पहला लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है, जो यह साफ संकेत देता है कि इस बार बड़े पर्दे पर तबाही मचने वाली है। 'पठानों से कहना चौहान आ रहा है, इस टैग लाइन के साथ आया वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है और लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। लोगों फिल्म का पहला लुक दमदार लगा है।

## दिवंगत पिता वीरू देवगन की जयंती पर खास ट्रिब्यूट..

इस फिल्म का ऐलान दिग्गज एक्शन कोरियोग्राफर और अजय देवगन के स्वर्गीय पिता वीरू देवगन की जयंती पर किया गया है, जिसने इस अनाउंसमेंट को बेहद इमोशनल और खास बना दिया है। मेकर्स ने एक्शन सिनेमा में वीरू देवगन के योगदान को याद करते हुए उन्हें शुक्रिया कहा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'CHAUHAAN आ रहा है। स्वर्गीय वीरू देवगन जी की जयंती पर, हम अपने ओजी एक्शन स्टार अजय देवगन को बड़े पर्दे के लिए बनी एक ज़बरदस्त एक्शन एंटरटेनर फिल्म के साथ वापस ला रहे हैं।'

## पठानों को चुनौती और 'जुम्मा चुम्मा' का रीमिक्स स्वैग

इस अनाउंसमेंट वीडियो की सबसे बड़ी हाइलाइट इसका बैकग्राउंड स्कोर और फिल्म का एक दमदार डायलॉग है। वीडियो में बैकग्राउंड में अमिताभ बच्चन का आइकॉनिक गाना 'जुम्मा चुम्मा दे दे' बज रहा है, जो दर्शकों में एक अलग ही लेवल का नॉस्टैल्जिया और उत्साह जगा रहा है। इसके साथ ही वीडियो के अंत में अजय देवगन का एक कड़क डायलॉग सुनने को मिलता है, 'पठानों से कहना, चौहान आ रहा है।' इस एक लाइन ने आते ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और फैंस इस पर लगातार रील्स और पोस्ट शेयर कर रहे हैं। फिल्म की पहली झलक में कश्मीर की कहानी को उठाया गया है, जहां पत्थरबाज और आतंकियों ने माहौल बिगाड़ रखा है। अजय फिल्म आर्मी मेजर का रोल निभाने वाले हैं, उनके सामने कश्मीर की चुनौती है और वो खुलकर पत्तथरबाजों और दंगाइयों से भिड़ते दिख रहे हैं।

## पहली बार आनंद एल राय के साथ मिलाया हाथ

अजय देवगन के करियर के लिहाज से यह फिल्म इसलिए भी काफी दिलचस्प होने वाली है क्योंकि वे पहली बार मशहूर डायरेक्टर आनंद एल राय के साथ काम करने जा रहे हैं। हालांकि इस फिल्म का डायरेक्शन नीरज यादव कर रहे हैं, जबकि जियो स्टूडियोज और आनंद एल राय की कलर येलो प्रोडक्शंस मिलकर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। ज्योति देशपांडे, आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा इस बड़े प्रोजेक्ट के प्रोड्यूसर्स हैं।

## कब होगी रिलीज?

अगर आप भी अजय देवगन को हवा में गाड़ियां उड़ाते और दुश्मनों की हड्डियां तोड़ते देखना मिस कर रहे थे तो आपको थोड़ा इंतजार करना होगा। 'चौहान' को अगले साल 1 अक्टूबर 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है।

पहली झलक को देखकर यह तो साफ है कि फिल्म का कैनवस बहुत बड़ा होने वाला है और यह पूरी तरह से सिंगल स्क्रीन और मल्टीप्लेक्स के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है।

# लैथम का शतक, न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ बिना विकेट खोए 213 रन बनाए..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***टॉम लैथम के शतक और साथी सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के साथ उनकी दोहरी शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां चाय तक बिना विकेट खोए 213 रन बनाकर शानदार शुरुआत की।***



लैथम (नाबाद 109) ने टॉस जीतकर ट्रेंट ब्रिज की सपाट पिच पर बल्लेबाजी का फैसला किया और कॉनवे (नाबाद 94) के साथ पहले विकेट के लिए अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

पिछली चार पारियों में सिर्फ34 रन बनाने वाले कप्तान लैथम ने गेंदबाजों पर हावी होकर खेला जबकि आठवें टेस्ट शतक की ओर बढ़ रहे कॉनवे को भी किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

यह इंग्लैंड में टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की ओर से पहले विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। यह टेस्ट इतिहास में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों की सातवीं 200 या इससे अधिक रन की साझेदारी है। अनुशासनात्मक कारणों से दूसरे टेस्ट से बाहर किए जाने के बाद नियमित कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन की इंग्लैंड टीम में वापसी हुई है। स्टोक्स ने अब तक 11 ओवर गेंदबाजी की है लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। मेजबान टीम ने ऑफस्पिनर शोएब बशीर को 11वें ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाया और बीबीसी के अनुसार 1961 के बाद से ऐसा सिर्फ एक बार हुआ है जब इंग्लैंड के किसी स्पिनर ने घरेलू टेस्ट में इतनी जल्दी गेंदबाजी की हो। बशीर को 71 रन के निजी स्कोर पर कॉनवे का विकेट मिल जाता लेकिन इंग्लैंड ने पगबाधा की अपील ठुकराए जाने के बाद डीआरएस का

सहारा नहीं लिया। टीवी रीप्ले में हालांकि दिखा कि अगर इंग्लैंड डीआरएस लेता तो कॉनवे को पवेलियन लौटना पड़ता क्योंकि गेंद विकेटों से टकरा रही थी।

नॉटिंघम में मौसम अहम भूमिका निभा सकता है जहां तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है जो असमान्य है। पिछले हफ्ते ओवल में हुए दूसरे टेस्ट में 253 रन की जीत दर्ज करने वाले न्यूजीलैंड को मैच से पहले झटका लगा जब तेज गेंदबाज मैट हेनरी और मध्यक्रम के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स चोटों के कारण मैच से बाहर हो गए। तेज गेंदबाज काइल जेमीसन को पीठ की हालिया समस्याओं के कारण आराम दिया जाना पहले से तय था। लैथम और कॉनवे की बदौलत मेहमान टीम ने लय बनाए रखी। दोनों ने 26वें ओवर में शतकीय और 51वें ओवर में दोहरी शतकीय साझेदारी पूरी की।

# 'लॉक अप 2' में होगी योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी की एंट्री, बढ़ेगा एंटरटेनमेंट का डोज, फैंस ने दिया TRP किंग-क्वीन का टैग..

डेस्क जगप्रेरणा।

नेटफ्लिक्स का अपकमिंग शो 'लॉक अप 2' इन दिनों अपने कंटेस्टेंट्स को लेकर जबरदस्त चर्चा में है। दर्शक के बीच इसके पहले सीजन का काफी बज देखने को मिला था और इसी के चलते अब मेकर्स लॉक अप सीजन 2 लेकर आ रहे हैं।



इसके पहले तीन कैदी राम कपूर, शिवांगी जोशी और पामाला सेरेना के नाम का खुलासा एकता कपूर ने कर दिया है। अब फराह खान और रितेश देशमुख के इस शो में दो नई एंट्री हुई है और यह खबर मुनव्वर फारूकी ने सोशल मीडिया पर दी है। 'स्प्लिट्सविला' के पूर्व कंटेस्टेंट योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी इस शो में हिस्सा लेंगे।

## लॉक अप 2 में हुई दो नए कंटेस्टेंट्स की एंट्री..

'लॉक अपः सच या सजा' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख इस रियलिटी शो को होस्ट करेंगे। नेटफ्लिक्स ने एक वीडियो के जरिए घोषणा की कि 'स्प्लिट्सविला' के एक्स कंटेस्टेंट योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी शो में हिस्सा लेंगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें लॉक अप सीजन 1 के विनर मुनव्वर फारुकी सेट का टूर कराते हैं। वीडियो के आखिर में योगेश और आकांक्षा को कंटेस्टेंट के तौर पर इंट्रोड्यूस किया जाता है।

## योगेश और आकांक्षा पर फैंस ने लुटाया प्यार..

योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी का 'लॉक अप' वीडियो वायरल होने के बाद से चर्चा में है, जिस पर लोगों के अलग-अलग तरह के रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। योगेश और आकांक्षा के फैंस उन्हें 'लॉक अप' में देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं। एक फैन ने ट्वीट किया, ' TRP के किंग और क्वीन फिर से स्क्रीन पर आ रहे हैं, चलो शुरू करते हैं।' बता दें कि अब तक 'लॉक अप 2' के पांच कैदी के नाम सामने आ चुके हैं। 'लॉक अपः सच या सजा' 27 जून 2026 से स्ट्रीम होना शुरू होगा। इसके एपिसोड नेटफ्लिक्स पर शनिवार से बुधवार रात 8 बजे प्रीमियर होंगे।

## लॉक अप में धूम मचाएंगे योगेश और आकांक्षा..

योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी 'स्प्लिट्सविला 16' में नजर आने के बाद से खबरों में थे। दोनों के बीच शो में प्यार और धोखे का गेम देखने को मिला था, जो सोशल मीडिया पर महीनों तक चर्चा में था। अब यह जोड़ी नए रियलिटी शो 'लॉक अपः सच या सजा' में साथ नजर आने वाले हैं।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## आंखें हुसैनी हो गईं.. सांस्कृतिक सौहादर्य की मिसाल हैं हुसैनी ब्राह्मण

शायर राजेन्द्र कुमार ने क्या खूब लिखा है... इस क़दर रोया मै सुन के दास्तान-ए-करबला, मै तो हिन्दू ही रहा, आंखें हुसैनी हो गईं।.... ये हज़रत इमाम हुसैन ही हैं जिन्हें जितनी अकीदत के साथ मुसलमान मानते हैं उनका उतना ही एहतराम गैरमुस्लिम भी करते हैं। मोहर्रम पर जब भी इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत का ज़िक्र होता है तो उन हुसैनी ब्राम्हणों की भी याद ताज़ा हो जाती है जिन्होंने अपना सब कुछ हुसैन पर न्यौछावर कर दिया। सामाजिक सदभाव, आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पूरी दुनिया में भारत में ही देखने को मिलती है। ऐसी ही एक मिसाल है हुसैनी ब्राह्मण। ये वो हिंदू समुदाय है, जो सनातन धर्म के सभी तीज त्यौहार मनाता है तो शिया मुसलमानों के साथ इमाम हुसैन के ग़म भी मनाता है। हुसैनी ब्राह्मण, मोहयाल समुदाय के लोग हैं जो हिंदू और मुसलमान दोनों धर्मों से संबंध रखते हैं। बता दें, मोहयाल ब्राह्मणों में बाली, भीमवाल, छिब्बर, दत्त, लाउ, मोहन और वैद जैसी कई उपजातियाँ शामिल हैं। इनकी दत्त शाखा ने करबला में जंग लड़ी थी। इन मोहियाल ब्राह्मणों ने कर्बला की लड़ाई में हजरत इमाम हुसैन की तरफ से जंग लड़ी थी इसीलिए सम्मान के साथ इन्हें हुसैनी ब्राह्मण के नाम से जाना-पहचाना और पुकारा जाने लगा। ये भी माना जाता है कि हुसैनी ब्राह्मणों का संबंध महाभारत काल से है। महाभारत के भीषण युद्ध में गुरू द्रोणाचार्य ने भी भाग लिया था, जो दत्त गोत्र के ब्राह्मण थे। उनके पुत्र अश्वत्थामा युद्ध में घायल हो गए थे। महाभारत युद्ध में पांडवों के विजयी होने के बाद अश्वत्थामा इराक चले गए और ईराक में ही बस गए। उनके वंशज दत्त ब्राह्मण कहलाए। आगे चलकर दत्त ब्राह्मण ही मोहियाल ब्राह्मण कहलाए। इन्होंने अरब देशो में कई राज्यों को जीता और उन पर राज किया। इन्हीं में से एक थे राजा राहिब सिद्ध दत्त। इनका कार्यकाल पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन के समय का है। कहा जाता है कि इमाम हुसैन की दुआ से ही उन्हें संतान का सुख प्राप्त हुआ था। हुसैनी ब्राह्मण समाज के लोग भारत के जम्मू-कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, अमृतसर, पुणे सहित अन्य हिस्सों के अलावा पाकिस्तान के लाहौर, सिंध, अफ़ग़ानिस्तान के काबुल में भी रहते हैं। अजमेर और बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रहने वाले कुछ भूमिहर ब्राह्मण भी खुद को हुसैनी ब्राह्मण मानते हैं। यहां बता दें कि अमृतसर में लोहगढ़ में इमामबाड़ा है। इसकी देख रेख अंजुमन-ए-यादगार हुसैन द्वारा की जाती रही है। माना जाता है कि इमामबाड़ा सैयद नाथू शाह द्वारा बनाया गया है। भारत-पाकिस्तान बटवारे से पहले अमृतसर के शिया और हुसैनी ब्राह्मण परिवार इसकी संयुक्त रूप से देख रेख किया करते थे। बाद में अमृतसर से हुसैनी ब्राम्हण चले गए। लेकिन, अमृतसर के शिया हमेशा अपनी मजलिसों में राजा रहीब को याद करते रहे। इस समुदाय के लोग भी हजरत हुसैन की शहादत के गम में मातम और मजलिस करते हैं। हुसैनी ब्राह्मण समुदाय को लेकर एक प्रसिद्ध कहावत भी है वाह दत्त सुल्तान, हिंदू का धर्म, मुसलमान का ईमान। कई प्रसिद्ध हस्तियां इसी समुदाय से संबंध रखती हैं जैसे दिवंगत मशहूर अभिनेता सुनील दत्त हुसैनी ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके अलावा अभिनेत्री योगिता बाली, उर्दू लेखक कश्मीरी लाल जाकिर, साबिर दत्त और नंद किशोर विक्रम हुसैनी ब्राह्मण समुदाय से जुड़े नाम हैं। शास्त्रीय संगीत गायिका सुनीता झिंगरान जो हिंदू देवताओं की पूजा करती हैं और इमाम हुसैन को भी मानतीं हैं। अपनी ठुमरी, ख्याल, दादरा और गजल के लिए जानी जाने वाली प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका सुनीता झिंगरान हुसैनी ब्राह्मण के रूप में अपने पूर्वजों की परंपराओं को निभा रही हैं। वो मजलिसों में शामिल होतीं हैं और मरसिये, नोहे पढ़तीं हैं। पद्मश्री से सम्मानित ब्रज नाथ दत्त कासिर, जो अमृतसर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी और प्रसिद्ध उर्दू-फारसी शायर थे, इसी समुदाय से आते हैं। हुसैनी ब्राह्मण हिंदू होते हुए भी इमाम हुसैन में आस्था रखते हैं। इनके घरों में पूजा स्थल पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ-साथ अलम ( जो कि हाथ के पंजे के जैसा होता है और इसे इमाम हुसैन या पंजतन का प्रतीक भी माना जाता है) भी रखा जाता है।

हुसैनी ब्राम्हणों के बारे में जो उल्लेख मिलता है वो दत्त परिवार से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जब राहिब सिद्ध दत्त के कोई संतान नहीं हुई तो उन्होंने पैगंबरे इस्लाम से औलाद की ख्वाहिश की। नबी ए करीम ने अपने नवासे इमाम हुसैन से उनके लिए दुआ करने को कहा। इमाम हुसैन की दुआ के बाद राहिब जी के यहां 7 बेटे हुए और ये सभी इस कर्बला की जंग में शहीद हुए। तभी से इन्हें हुसैनी ब्राह्मण के नाम से जाना जाने लगा। कर्बला की जंग में हुसैन इब्ने अली (इमाम हुसैन) का साथ देने गए हुसैनी ब्राह्मण भी शहीद हो गए थे। ये वही थे जो हुसैन की दुआ के बाद जन्में थे। बताया जाता है कि करबला की जंग में इमाम हुसैन के साथ उनके परिवार के 72 साथियों के अलावा दत्त परिवार के 7 बेटे भी शहीद हो गए थे। हुसैनी ब्राह्मण को दरदना भट्टाचार्य का वंशज भी माना जाता है। कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत की खबर सुनकर हुसैनी ब्राह्मण भी इराक पहुंचे और बदला लेकर लौटे।

कर्बला में बादशाह यजीद की हुकूमत थी। यजीद बेहद ही जालिम, अय्याश और तानाशाह था। वो चाहता था कि नबी मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन उसकी बेअत कर लें। जब इमाम हुसैन से बेअत करने से इंकार कर दिया तो यजीद ने इमाम हुसैन को शहीद करने के लिए साजिश रची। 4 मई 680 ईसवी को इमाम हुसैन मदीने में अपना घर छोड़कर शहर मक्का पहुंचे। उनका हज करने का इरादा था लेकिन उन्हें पता चला कि दुश्मन हाजियों के भेष में आकर उनका कत्ल कर सकते हैं। हुसैन नहीं चाहते थे कि काबा जैसे पवित्र स्थान पर खून बहे, फिर इमाम हुसैन ने हज का इरादा बदल दिया और शहर कूफे की ओर चल दिए। दुश्मनों की फौज ने उन्हें कर्बला में रोक लिया। इमाम हुसैन और उनके परिवार को दरिया-ए-फरात के किनारे घेर लिया। पानी तक रोक दिया गया। ऐसी परिस्थिति में इमाम हुसैन ने अपने बचपन के दोस्त हबीब को खत लिखकर मदद के लिए बुलाया। दूसरा खत कर्बला से बहुत दूर भारत के एक हिंदू राजा और मोहयाल समाज के मुखिया राहिब सिद्ध दत्त के नाम भेजा जो उनका भाई जैसा दोस्त था। राहिब सिद्ध दत्त एक मोहयाल ब्राह्मण थे। इमाम हुसैन का खत मिलते ही राहिब दत्त मोहयाल ब्राह्मणों की सेना के साथ कर्बला के लिए निकल पड़े। लेकिन जब तक उनकी सेना वहां पहुंचती तब तक इमाम हुसैन को शहीद किया जा चुका था। रास्ते में जब राहिब दत्त को इस बात का पता चला तो उनका दिल टूट गया। इमाम हुसैन के गम में राहिब दत्त खुद अपनी जान देना चाहते थे लेकिन तब इमाम हुसैन के ही एक चाहने वाले जिसका नाम मुखतार था, ने उनको रोक लिया। इसके बाद मुख्तार और राहिब दोनों एक साथ मिलकर इमाम हुसैन के खून का बदला लेने के लिए निकल पड़े। कहते हैं कि उस समय यजीद की फौज इमाम हुसैन के सिर को लेकर कूफा में इब्ने जियाद के महल ला रही थी। राहिब दत्त ने यजीद के दस्ते का पीछा कर इमाम हुसैन का सिर हासिल कर लिया और दमिश्क की ओर निकल गए। रास्ते में एक पड़ाव पर रात बिताने के लिए रुके थे। वहां यजीद की फौज ने उन्हें घेर लिया। यजीद की फौज ने हुसैन के सिर की मांग की। राहिब दत्त ने इसे देने से इनकार कर दिया। इसके बाद भयानक जंग हुई जिसमें राहिब दत्त के सातों बेटे शहीद हो गए लेकिन राहिब दत्त ने बहादुरी से लड़ते हुए इमाम हुसैन के कातिलों से बदला लिया। कूफे के सूबेदार इब्ने जियाद के किले पर कब्जा कर उसे गिरा दिया। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि राहिब दत्त ने इमाम हुसैन का सिर लौटाने के बजाए अपने एक बेटे का सिर कलम कर उन्हें थमा दिया। यजीदी सैनिकों शक हुआ और उन्होंने फिर से सिर लौटाने की बात कही। तब एक-एक कर के राहिब दत्त ने अपने 7 बेटों को कुर्बान कर दिया। फिर भी जब यजीदी सैनिक नहीं माने तो राहिब दत्त उनसे भिड़ गए। उन्होंने मुख्तार के साथ मिलकर यजीदी सैनिकों से हुसैन की मौत का बदला लिया। जंग-ए-कर्बला में इन मोहयाली सैनिकों में कई सैनिक भी शहीद हुए। जंग खत्म होने के बाद कुछ मोहयाली सैनिक वहीं बस गए और बाकी अपने वतन हिंदुस्तान वापस लौट आए। इन वीर मोहयाली सैनिकों ने कर्बला में जहां पड़ाव डाला था उस जगह को हिंदिया कहते हैं। हजरत इमाम हुसैन को मुहर्रम के महीने में कर्बला की जंग (680 ईसवी) में शहीद कर दिया गया था। टीपी रसेल स्ट्रेसी ने अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ द मुहियाल्स द मिलिटेंट ब्राह्मण क्लान ऑफ इंडिया में कर्बला के मैदान में फरात नदी के किनारे इमाम हुसैन क्रूर सुल्तान यजीद की सेना से घिरे हुए थे।

इस्लाम को यजीद के हाथों में पड़ने से बचाने के लिए, हुसैन ने मदद के लिए दो पत्र लिखे। एक पत्र उन्होंने अपने बचपन के दोस्त हबीब को और दूसरा पत्र भारत के एक हिंदू मोहयाल राजा राहिब सिद्ध दत्त को लिखा। पत्र मिलते ही, माथे पर तिलक और पवित्र धागा बाँधे हिंदुस्तानी पंडितों का एक समूह इमाम हुसैन की मदद के लिए कर्बला की ओर चल पड़ा। इमाम हुसैन का साथ देने के लिए करीब 1400 ब्राह्मण करबला गए थे। हालांकि उनके पहुंचने के पहले ही इमाम हुसैन को शहीद कर दिया गया था। लेकिन उन्होंने यजीद से इसका बदला लिया था। जानकार बताते हैं कि ये मोहियाल ब्राम्हण, हजरत हुसैन के साथ करबला की जंग में शामिल होना चाहते थे लेकिन इमाम हुसैन ने इन्हें अपने साथ ले जाने से मना कर दिया था। मगर जब हजरत हुसैन शहीद हो गए, तो हजरत हुसैन के सिर की सलामत वापसी और बदला लेने के लिए अमीर मुख्तार की सरपरस्ती में राहब दत्त ने जंग लड़ी। कहा जाता है कि राहिब सिंह दत्त बगदाद में रहते थे। बगदाद में उनका निवास स्थान दैर-अल-हिंदिया कहलाता था, जिसका अर्थ है भारतीयों का मोहल्ला। किवदंती यह भी है कि अरब से लौटने पर राहिब दत्त अपने साथ पैगंबर साहब के बाल लाए थे, जो कश्मीर में हजरतबल दरगाह में रखे हुए हैं। अरब, ईरान और पाकिस्तान में रहने वाले ज्यादातर मोहियाल ब्राह्मण हिन्दुस्तान आकर बस गए। हालांकि, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भी कुछ परिवार रहते हैं।

हुसैनी ब्राम्हणों के बारे में जो लोग ज्यादा नहीं जानते उन्हें ये लगता है कि ये कोई मुसलमानों से ताल्लुक रखने वाला ही फिरका या वर्ग है। लेकिन, ये मूलतः हिंदू ही हैं। ये आम हिंदुओं की तरह देवी-देवताओं की मूर्ति पूजा करते हैं और पैगंबर मुहम्मद के पोते और हजरत अली के बेटे हजरत इमाम हुसैन में भी अकीदत रखते हैं। ये अपने घरों के पूजा घर के एक कोने में हजरत इमाम हुसैन का प्रतीक 'अलम' भी रखते हैं। कुछ दत्त परिवारों में लड़कों के मुंडन के समय हजरत इमाम हुसैन को याद किया जाता है। इसके अलावा शादियों में हजरत इमाम हुसैन के नाम पर हलवा बनाकर बांटा जाता है। हिंदी, उर्दू और फारसी के लोग लोकगीतों में मोहियाल ब्राह्मणों का जिक्र मिलता है। बताया जाता है कि ये मोहियाल ब्राह्मण प्रारंभिक काल में दान-दक्षिणा लेकर और शिक्षण-अध्यापन करके जीवन यापन करते थे। कालांतर में उन्होंने सैन्य कर्म अपना लिया और उनकी अपनी फौज हो गई। इसके बाद इस समूह के पास मोहि यानी जमीनें आ गईं और ये मोहियाल ब्राह्मण कहलाने लगे। उस समय मोहयाल ब्राह्मणों का एक समुदाय ईराक में रहता था। अभी भी कुछ मोहियाल ब्राह्मण ईराक के कुछ हिस्सों में पाए जाते हैं। ईराक में अभी भी एक इलाके को अल-हिंदिया डिस्ट्रिक्ट कहा जाता है।

मोहिया ब्राम्हणों के साहित्य में करबला की जंग से जुड़े लोकगीत और दोहे भी मिलते हैं। एक लोकगीत है... लरयो दत्त, दाल खेत जी तिन लोक शाका परह्यो चरह्यो, दत्त दाल गह जी गढ़ कुफा जा लुट्यो.. यानि दत्त योद्धा अकेले ही मैदान में बहादुरी से लड़े और कूफा के किले को लूट लिया। इसी तरह, बाजे भीर को चोट फतेह मैदान जो पै बदला लिया, हुसैन, धन धन करे लुकाई... इसका अर्थ है जब उन्होंने मैदान जीत लिया, तो ढोल पीटा गया, हुसैन का बदला ले लिया और लोगों ने शाबाश-शाबाश का जयघोष किया। एक और लोकगीत है..जो हुसैन की जद्द है दत्त नाम सब धियायो, अरब शहर के बीच में रहिब तख्त बथायो अर्थात हुसैन की संतानों! अपने पिता के मित्र राहिब को मत भूलिए, जो आपके पिता के निधन से पहले अरब के शहर में सिंहासन पर बैठा था। बहरहाल, हुसैनी ब्राह्मण मोहर्रम पर अकीदत के साथ ताजियादारी, अजादारी और नौहाख्वानी में शामिल होते हैं। ये वो समुदाय है जो हिन्दू और मुसलमानों के बीच सेतू की मिसाल कायम करता है।

लेखक




मुस्ताअली बोहरा
अधिवक्ता एवं लेखक, भोपाल


## लड़ना भूल जाते हैं..

परिंदे कैद में रहकर उड़ना भूल जाते हैं।
बुढ़ापे में साथ रहकर हंसना भूल जाते हैं।
तुझे फ़िक्र है मेरी मुझे फ़िक्र है तेरी,
तेरे मेरे का है चक्कर चलना भूल जाते हैं ।।
गर्दिशों में जिन्हें अबतक सहारा था दिया हमने,
बदले हालात तो अक्सर, मिलना भूल जाते हैं।।
सियासत का नजारा देखिए कैसा,
प्रलोभन में दल बदल कर, चुनना भूल जाते हैं।।
करते हैं जो बातें हमेशा त्याग तपस्या की,
वही श्रीमान जी वक्त पर,कहना भूल जाते हैं ।।
जो प्यादे हैं वजीरों के या राजा के
वही चक्र व्यूह में फंसकर, लड़ना
भूल जाते हैं ।।
हमेशा जो रहे आस्तिनों में लुप छुपकर, 'अश्क'
जरा सा दूध वो पी कर डसना भूल जाते हैं।


प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'
वारासिवनी जिला बालाघाट
मध्य प्रदेश 9424979678


## पानी नहीं आया..

पानी नहीं आया
बीत गए नक्षत्र
फिर भी
पानी नहीं आया
हालत
गर्मी से पस्त है
किसान त्रस्त है
जन जन रोग ग्रस्त है
कारण
पानी नहीं आया.
पानी आएगा भी कैसे..?
जब आता है पानी
तो व्यर्थ बहाने में
किसने की आनाकानी
सभी ने मनमानी बहाया
किसने बचाया..?
शहर गाँव
नहीं पेड़ों की छाँव
धरती को पाट दिया
सीमेन्टी सड़कों से
धरती है प्यासी
प्यास किसने बुझाया...?
और कहते हो
पानी नहीं आया....?

महानगरों की चिमनियाँ
उगलती धुआँ
विकास के नाम पर
अंधा कुआँ
हवा में जहर किसने मिलाया
बड़े आए
कहते हो पानी नहीं आया.

पानी आएगा
आएगा नहीं तो कहाँ जाएगा..?

लगाओ पेड़
रोको धरती का चीर हरण
धरती को धरती
आकाश को
आकाश रहने दो
उन्मुक्त पवन बहने दो
ऊँची अट्टालिकाओं से
रोको ना सूरज का प्रकाश
जैसे प्यासे तुम
वैसी धरती की प्यास.

रखो विश्वास
पानी नहीं आया
पानी जरूर आएगा..
तब,जब
मानव धरती की
अस्मिता बचाएगा
पानी जरूर आएगा....।।
शशि तिवारी

रचनाकार




शशि तिवारी,
गोंदिया महाराष्ट्र


## शीश पर धारे शिव..

शीश पर धारे शिव, शशि जो विलोभनीय,
सम्मुख जो मुख गिरिजा का अति प्यारा है।

कल्याण काल का भी करे कैलाशपति,
केश-केश उमेश का उमा ने सँवारा है।

धाम में विराजित धुरंधर हैं ध्यानमग्न,
ध्यान उनका धरेंद्रनंदिनी ने धारा है।

महेश को है वंदन, है वंदन महेश्वरी,
एक शिव-शक्ति को ही वंदन हमारा है।


निखिलेशसिंह यादव
गोंदिया (महाराष्ट्र)
9049516103



## इतनी सामर्थ्य कहाँ मुझमें

इतनी सामर्थ्य कहाँ मुझमें,
जो तुझको समझ पाऊँ।
तुम्हारी मौन भाषा से,
सदा मन को मैं उलझाऊँ।
तुम्हारे स्वर की द्रुत-
विलंबिता,
प्रभावित कर रही
'यमुनेश्वरी'।
भले तुम साथ में न हो,
पर तुम्हें अपना पाऊँ।




वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर



## शब्दवर्गपहेली क्र.- 203



ck;| l| nk;| :–1) बर्फ के नैसर्गिक शिवलिंग के लिये प्रसिद्ध जम्मु – कश्मीर स्थित देश की सबसे बड़ी गुफा 5) वफादरी 8) सूर्य 10) हमारे पहले राष्ट्रपति 15) सुन्दर, मनोहर 16) घोड़ा 17) गेहू की बारीक सूजी 18) भारतीय जनता पार्टी का पूर्ववर्ती नाम 20) घोखा, भ्रम 21) बतलाओ 22) बॉडीगार्ड का हिन्दीकरण 24) मृत्यु हो 25) दूसरे के विश्वास के साथ सौंपे गये धन को हड़प लेने का अपराध 28) एक फूल, बेटी 29) किसी प्रसिद्ध फकीर का मकबरा 30) जलयान 31) अस्सी और नब्बे के बीच की एक संख्या 32) अरहर, दाल की एक किस्म 34) एक प्रकार का बीज जिसका चाय की तरह पेय पिया जाता है 36) धावक (अं.) 39) विलंब 40) एक जैसी सुरत वाले 43) अर्जी 44) यह डकैत महिला आत्मसमर्पण के बाद मिर्जापुर से सांसद के रुप मे चुनी गयी थी 47) छल, धोखा 49) दो में से एक को चुनना, पर्याय 51) आनंद लेना 52) धृतराष्ट्र के पुत्रों की संख्या 53) चहचहाना 54) नाई 55) सावधान 58) घेरा, मण्डल 59) थाईलैंड की राजधानी 61) हंस के जाति की एक चिड़िया 62) किसी वस्तु के गिरने की आवाज 64) चिरंजीवी, अमर्त्य 66) धोखा, बांगला देश की एक जाति 67) राजस्थान का एक जिला मुख्यालय 69) नाजूक स्त्री 71) जोखिमभरा 72) पानी 73) युग्म, जोड़ा 76) प्रत्येक 77) दबाना 79) दासी 80) हाथ 81) सम्मान 83) बनारस का एक और नाम 84) स्त्रियोंद्वारा पैरों में लगाने का लाल रंग 85) मार्गदर्शक, रहनुमा 86) दूर चिजों को देखने का एक उपकरण 87) कै, उलटी 89) सर्प 91) खड्ग 93) देशी रियासत 95) रोक 97) एक ऋतु 100) अकेलापन, एकांत 103) औदार्य 104) मूल्य, दाम 106) नसनस 108) फिल्म दबंग का हीरो 111) सेवक, गुलाम 112) यज्ञ करनेवाला, धार्मिक कार्य करनेवाला 115) मलय पर्वत की ओर से आनेवाली हवा 116) चान्द्र मास के किसी पक्ष की नवीं तिथि 117) कुछ दशक पहले प्रचलित दो मील की दूरी 118) कान और आंख के बीच का स्थन 119) वतन

Åij l| uhp :–1) सौ करोड़ की संख्या 2) ममत्व, अपनापन, माता का अपनी सन्तान पर स्नेह 3) योद्धा, लड़नेवाला 4) घ्राणेन्द्रिय 5) देवता 6) दोजख 7) न्याय के लिये न्यायालय में की गई मांग, 'क्लेम' का हिन्दीकरण 8) दौड़ना (अं.) 9) असंगति, असम्बद्धता 11) पति का बड़ा भाई 12) ईश्वर, मालिक 13) गोवा का भूतपूर्व तानाशाह जो गोवा मुक्ति आंदोलन के समय बहुचर्चित था 14) औषधी 16) कार्तिक और पूस के बीच का महीना 18) जीर्ण, टूटा – फूटा 19) घबराने की क्रिया, उतावलापन, व्याकुलता 22) आग का अंगारा 23) माफी 24) .... वर्मा, हिन्दी की एक प्रसिद्ध कवयित्री, जिसके 'दीप शिखा' आदि काव्यसंग्रह प्रसिद्ध है 26) मंद, शीतल वायु (उर्दू) 27) आश्चर्य, अचंबा, परिहास 29) अस्पताल 33) विदाई के समय कहा जानेवाला शब्द 34) कदर करनेवाला 35) अन्तःपुर 37) गायब, चंपत, भाग जाना 38) सोना 41) फलों का बनाया हुआ खट्टा मीठा पेय 42) थोड़ा, कम 45) पानी पर उठनेवाली तरंग 46) भारत की एक राष्ट्रीयकृत बैंक 47) बंदर 48) खिजा, शिशिर ऋतु या पत्ते झड़ने का मौसम 50) कमर में पहिनने का एक आभुषण, मेखला 54) नासिका 55) समाचार 56) अपने पास रोक लेना, आश्रित करना 57) उपहार या भेंट देना अर्थवाला एक मुहावरा 58) चमकीला 60) जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध महाकाव्य जिसके पात्र श्रद्धा, इडा, मनु आदि है 63) चिंतनशील 64) इसलिये 65) 'राणा' का अपभ्रंश रुप 66) अस्थिर, चलायमान 67) केश 68) कृपादृष्टी 70) जीत, यश 71) खरगोश 72) महोदय 74) श्रमिक 75) भीड़, जमघट 76) हमला करनेवाला 78) हर सूरत में 80) एक प्रसिद्ध संत जुलाहा जिनके दोहे प्रसिद्ध है 82) गीला 86अ) कार्य में लगा हुआ, लिप्त 88) नमक डाला हुआ व्यंजन, लवणयुक्त 90) पिछला, बीता हुआ 92) विष्णुजी के दशावतारों में से एक 94) झरोखा, खिड़की 96) किसी वस्तु या व्यक्ति का बोधक शब्द 98) वह स्थान जहां नदियां आपस में मिलती है 99) चंचल, हिलता हुआ, द्रव 101) वंश 102) सचाई, नीयत 103) खिन्न 105) खोज 107) बिहार का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थान 109) नया 110) त्रुटि 113) किसी मंत्र का उच्चारण बार बार करना 114) 'मिट्टी' का अपभ्रंश या सरलीकृत रुप

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## शिकॉगो एक्सचेंज मजबूत रहने से सोयाबीन, पाम - पामोलीन तेल कीमतों में सुधार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***शिकॉगो एक्सचेंज के मजबूत रहने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में मजबूती देखी गई। बिकवाली कमजोर रहने से सरसों***



तेल-तिलहन, प्लांट वालों द्वारा खरीद का दाम घटाने से सोयाबीन तिलहन तथा बेहद कमजोर कामकाज के बीच बिनौला तेल के दाम में गिरावट देखी गई। सस्ता होने के बावजूद खुदरा दाम महंगा होने की वजह से सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में स्थिरता का रुख है जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में सुधार जारी है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि शिकॉगो एक्सचेंज के मजबूत होने का असर सोयाबीन तेल के साथ साथ पाम-पामोलीन पर भी आया। विदेशी बाजार की मजबूती के कारण आयातित खाद्य तेलों के दाम मजबूत हो गये। दूसरी ओर, ऊंचे दाम पर लिवाली कमजोर रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन, प्लांट वालों द्वारा सोयाबीन खरीद का दाम 50-100 रुपये क्विंटल घटाने के कारण सोयाबीन तिलहन तथा नगण्य एवं सुस्त कामकाज के बीच बिनौला तेल के दाम में गिरावट देखी गई।

उन्होंने कहा कि मूंगफली तेल का थोक दाम बाकी खाद्य तेलों से सस्ता है मगर खुदरा बाजार में मूंगफली तेल के दाम काफी ऊंचे हैं। कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। सरकार ने भी आश्वासन दिया है कि मूंगफली की अधिकांश फसल की किसानों से एमएसपी पर खरीद की जायेगी।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को अपने इस आश्वासन पर खरा उतरना चाहिये क्योंकि मूंगफली उत्पादन बढ़ने के बावजूद मौजूदा स्थिति बनी रही तो सूरजमुखी की तरह ही मूंगफली का भी हाल होने का खतरा हो सकता है जहां सूरजमुखी की खेती लगभग विलुप्त होने की कगार पर है और देश सूरजमुखी तेल के लिए विदेशी आयात पर निर्भर हो गया है। इस ओर सरकार को गंभीरता से ध्यान बनाये रखने की जरूरत है।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को बंदरगाहों पर सोयाबीन डीगम और पाम-पामोलीन की लागत से नीचे बिकवाली की स्थिति को भी काबू करना होगा जो घरेलू बाजार के कामकाज को प्रभावित करता है। वैसे देखा जाये तो जिस पामोलीन तेल का दाम पहले सोयाबीन रिफाइंड तेल से 6-8 रुपये किलो नीचे था, वह थोक दाम अब कांडला बंदरगाह पर सोयाबीन रिफाइंड से एक रुपये किलो ऊंचा हो गया है। इसे देखकर लगता है कि आगे भी पामोलीन तेल की औद्योगिक मांग बनी रहेगी क्योंकि यह बिनौला तेल की कमी को पूरा कर रहा है और सूरजमुखी तेल के मुकाबले सस्ता है।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,525-7,550 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,625-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,465-2,765 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,565-2,665 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,565-2,710 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,250 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,500 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,200 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,950-7,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,800-6,875 रुपये प्रति क्विंटल।

## वैश्विक कंपनियों का भारत के प्रति बढ़ रहा आकर्षण, 90 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणाएं..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वैश्विक कंपनियों और संस्थागत निवेशकों का भारत को लेकर आकर्षण बढ़ रहा है। इन कंपनियों ने हाल के महीनों में भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक के नए निवेश की घोषणाएं की हैं। यह वैश्विक स्तर पर तनाव***



और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद देश की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं में बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। सूत्रों के मुताबिक, ये निवेश की प्रतिबद्धताएं कृत्रिम मेधा (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल बुनियादी ढांचा, विनिर्माण और औद्योगिक प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में की गई हैं। ये प्रतिबद्धताएं ऐसे समय जतायी गयी हैं जब दुनिया भर की कंपनियां व्यापार में बाधाओं और पश्चिम एशिया में अस्थिरता से जूझ रही हैं।

सबसे बड़ी प्रतिबद्धताओं में से एक, फरवरी में गूगल ने पांच साल में भारत में एआई बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 15 अरब डॉलर के निवेश की योजना का ऐलान किया। इसमें डेटा सेंटर, समुद्र के भीतर संपर्क सुविधा, क्लाउड क्षमता और कार्यबल कौशल पहल शामिल हैं। इसके बाद मार्च में औद्योगिक प्रौद्योगिकी समूह एबीबी ने प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में विनिर्माण और शोध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 7.5 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया की एयर ट्रंक ने 2030 तक भारत में पांच गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने के लिए 30 अरब डॉलर के निवेश की योजना की घोषणा की। यह देश के इतिहास में डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए किए गए सबसे बड़ी निवेश प्रतिबद्धताओं में से एक है।

कनाडा पेंशन योजना निवेश बोर्ड ने भी सीटीआरएलएस डेटासेंटर्स के साथ मिलकर हाइपरस्केल डेटा सेंटर क्षमता का विस्तार करने और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 7,000 करोड़ रुपये तक के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी। फ्रांस की भवन सामग्री बनाने वाली कंपनी सेंट गोबेन ने 18 जून को कहा कि वह अगले पांच वर्षों में भारत में अतिरिक्त एक अरब यूरो का निवेश करेगी। कंपनी ने भारत को दुनिया भर में अपने सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बताया।

सबसे नया और सबसे बड़े निवेश की प्रतिबद्धता अमेजन ने जतायी है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एंडी जेसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और 2030 तक भारत में कंपनी के निवेश की प्रतिबद्धता को बढ़ाकर 48 अरब डॉलर करने की योजना की घोषणा की। इसमें एआई और क्लाउड बुनियादी ढांचे में निवेश शामिल है।

वैश्विक कंपनियों की निवेश की घोषणाएं भारत के प्रति बढ़ते आकर्षण को दिखाती है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां अब भारत को भविष्य की वृद्धि, डिजिटल बदलाव और विनिर्माण के विस्तार के लिए एक अहम केंद्र के तौर पर देख रही हैं।

सूत्रों ने कहा कि इन सभी प्रतिबद्धताओं से पता चलता है कि वैश्विक कंपनियों का भारत पर भरोसा बढ़ रहा है, जबकि दूसरी जगहों पर आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण हालात साफ नहीं हैं।

## सोना 2,800 रुपये टूटा, चांदी 5,000 रुपये कमजोर

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट और डॉलर में मजबूती के***



कारण निवेशकों की इन धातुओं में दिलचस्पी कम हुई, जिससे यह गिरावट का दौर जारी रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। पिछले सत्र में यह 1,48,100 रुपये थी।

चांदी में भी कमजोरी आई और इसकी कीमत 5,000 रुपये घटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो छह महीने का निचला स्तर है। पिछले सत्र में चांदी 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी की कीमतें 24 दिसंबर, 2025 को भी इसी स्तर के आसपास थीं, जब इसका कारोबार 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर हुआ था।

विश्लेषकों का कहना है कि कीमती धातुओं की कीमतें बड़ी गिरावट में फंसी हुई हैं क्योंकि निवेशक कीमती धातुओं के बजाय डॉलर को प्राथमिकता दे रहे हैं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आई क्योंकि मजबूत डॉलर और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की संभावना से कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा।'' यह कमजोरी विदेशी बाजारों में भी दिखी, जहां हाजिर सोना नवंबर, 2025 के बाद पहली बार 4,000 डॉलर प्रति औंस के अहम स्तर से नीचे आ गया।

सोने की कीमत 21.15 डॉलर या 0.53 प्रतिशत गिरकर 3,978.06 डॉलर प्रति औंस रह गई। पिछले साल छह नवंबर को भी कीमतें इसी स्तर के आसपास थीं, जब यह 3,977.15 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थीं।

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस विभाग के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''विदेशी बाज़ार में हाजिर सोना 3,980 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कीमती धातुओं में कई साल से जारी तेज़ी में अचानक बड़ी गिरावट आई है, जिससे कुछ चीनी बैंकों को खुदरा स्वर्ण व्यापार से जुड़ी अपनी सेवाओं को कम करना पड़ा है।'' विदेशी बाज़ार में हाजिर चांदी भी 0.56 प्रतिशत गिरकर 57.10 डॉलर प्रति औंस के छह महीने के निचले स्तर पर आ गई। निवेशक अमेरिका के नए आर्थिक आंकड़ों का भी इंतज़ार कर रहे हैं, जिनसे ब्याज दरों और मुद्रा बाजार को लेकर उम्मीदें तय हो सकती हैं।

## सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल की..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने पश्चिम एशिया संकट का दबाव कम होने के साथ बृहस्पिवार को होटल, रेस्टरां जैसे वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया।***



साथ ही, हाल ही में हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लिए आपूर्ति को लेकर लगाये गये प्रतिबंधों को भी हटा लिया। यह कदम बताता है कि वैश्विक बाजार के स्थिर होने के साथ ही ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम हो रही हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घरेलू उत्पादन में सुधार और आयातित एलपीजी कार्गो के आने की उम्मीद के बाद वाणिज्यिक एलपीजी पर लगे प्रतिबंध हटा लिए गए हैं।

संकट की शुरुआत में रोकी गई थोक एलपीजी की आपूर्ति को भी संकट से पहले के खपत स्तर के 50 प्रतिशत तक आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है।

यह कदम सरकार द्वारा पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान लागू किए गए आपातकालीन उपायों को वापस लेने की दिशा में उठाया गया एक और कदम है। उस समय पश्चिम एशिया में आपूर्ति में रुकावट की आशंका के कारण अधिकारियों ने घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता को प्राथमिकता दी थी।

ये प्रतिबंध ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया से एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने के बाद लगाए गए थे। भारत अपनी रसोई गैस का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आयात करता है। घरेलू खपत को सुरक्षित रखने के लिए सरकार ने शुरू में होटल, रेस्तरां और औद्योगिक ग्राहकों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति रोक दी थी।

बाद में आपूर्ति को चरणबद्ध तरीके से सामान्य स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल किया गया। हालांकि, कई क्षेत्रों को अब भी अपने सामान्य आवंटन के 50 प्रतिशत तक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा था। इसका कारण अधिकारी आयात की उपलब्धता को लेकर चिंताओं के बीच ईंधन भंडार को बचाना चाहते थे।

बयान के अनुसार, ''औद्योगिक और वाणिज्यिक एलपीजी ग्राहकों के लिए बड़ी राहत के तौर पर, सरकार ने गैर-घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को लेकर विभिन्न क्षेत्रों पर लगे प्रतिबंध हटा दिए हैं और आपूर्ति को पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया है।''

साथ ही, संकट की शुरुआत में रोकी गई थोक एलपीजी की आपूर्ति में संकट से पहले के खपत स्तर के 50 प्रतिशत तक ढील दी गई है। इससे वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों को काफी राहत मिली है।

बयान के अनुसार, यह बहाली एलपीजी आपूर्ति की स्थिति में हाल में आये सुधार के बाद की गई है।

## बिहार में नयी चीनी मिल लगाने वालों को एक रुपये में पट्टे पर मिलेगी 40 एकड़ तक जमीन..

पटना, (भाषा)।

***बिहार सरकार ने राज्य में नयी चीनी मिलों की स्थापना को बढ़ावा देने और गन्ना आधारित उद्योगों में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 'बिहार गन्ना उद्योग निवेश प्रोत्साहन नीति, 2026' लागू की है।***



इसके तहत नयी चीनी मिल स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों को गन्ना उद्योग विभाग और बिहार राज्य चीनी निगम की भूमि 30 वर्ष के पट्टे पर 40 एकड़ तक जमीन मात्र एक रुपये के सांकेतिक शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत इस नीति की जानकारी बृहस्पतिवार को गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नयी चीनी मिल स्थापित करने के लिए भूमि खरीदने पर निवेशकों को निबंधन एवं स्टांप शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति दी जाएगी, इसके अलावा, चीनी उत्पादन पर देय राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) की भी पांच वर्षों तक 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि 5,000 टन पेराई प्रति दिन क्षमता (टीसीडी) की नयी चीनी मिल स्थापित करने पर पांच वर्षों में अधिकतम 100 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार, 3,500 टीसीडी क्षमता की नयी चीनी मिल के लिए अधिकतम 70 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री के अनुसार, वर्तमान चीनी मिलें यदि अपनी क्षमता में कम से कम 1,000 टीसीडी की वृद्धि करती हैं तो उन्हें 15 करोड़ रुपये की सहायता मिलेगी। इससे अधिक क्षमता विस्तार करने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन भी प्रदान किए जाएंगे।

## मई में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या बढ़कर 134 करोड़ हुई, एयरटेल ने जोड़े सबसे अधिक कनेक्शन..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में मई में दूरसंचार ग्राहकों की कुल संख्या बढ़कर 134.31 करोड़ हो गई। इस वृद्धि में मुख्य योगदान भारती एयरटेल और रिलायंस जियो के नेटवर्क पर जुड़े नए ग्राहकों का रहा।***




भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एयरटेल ने अप्रैल की तुलना में मई में सर्वाधिक 29.80 लाख नए ग्राहक जोड़े। इनमें मोबाइल सेवा खंड में 29.26 लाख और फिक्स्ड लाइन खंड में 53,809 नए ग्राहक शामिल हैं।

इसके बाद रिलायंस जियो का स्थान रहा, जिसने कुल 22.55 लाख नए ग्राहक जोड़े। इनमें मोबाइल सेवा खंड में 21.54 लाख और फिक्स्ड लाइन खंड में 1.01 लाख ग्राहक शामिल हैं।

दोनों निजी दूरसंचार कंपनियों ने मिलकर मई में कुल 52.36 लाख नए ग्राहक जोड़े, जो महीने के दौरान जुड़े कुल 55.60 लाख नए ग्राहकों का लगभग 94 प्रतिशत है।

ट्राई की मई, 2026 की मासिक ग्राहक रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या अप्रैल, 2026 के अंत के 133.75 करोड़ से बढ़कर मई, 2026 के अंत में 134.31 करोड़ हो गई। इस प्रकार मासिक वृद्धि दर 0.42 प्रतिशत रही।

मई में कुल वायरलेस कनेक्शन की संख्या बढ़कर 129.44 करोड़ हो गई, जो अप्रैल में 128.89 करोड़ थी। कुल वायरलेस कनेक्शन में 114.58 करोड़ उपभोक्ता सिम, 13.11 करोड़ मशीन-टू-मशीन (एम2एम) सिम और 1.17 करोड़ फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) कनेक्शन शामिल हैं।

मई, 2026 के लिए 1,544 सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, देश में ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या अप्रैल के 107.34 करोड़ से बढ़कर 108 करोड़ हो गई।

ब्रॉडबैंड खंड में रिलायंस जियो 52.96 करोड़ ग्राहकों के साथ शीर्ष पर रही। इसके बाद भारती एयरटेल के 37.60 करोड़, वोडाफोन आइडिया (वीआई) के 12.90 करोड़, बीएसएनएल के 2.70 करोड़ और एट्रिया कन्वर्जेंस के 24 लाख ब्रॉडबैंड ग्राहक रहे।



# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



9 शुक्रवार 26 जून 2026

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर हट्टा

● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव



# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट के अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ सुप्रसिद्ध किरनाई मंदिर का किया दौरा..

### मंदिर परिसर में मौजूद प्राचीन प्रतिमाओ और धरोहर का गहन निरीक्षण किया, कई चौंकाने वाले गौरवशाली तथ्य सामने आए..





जगप्रेरणा किरनापुर।

*बालाघाट जिले के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट के*

अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह गहरवार ने हाल ही में किरनापुर स्थित प्रसिद्ध किरनाई मंदिर का दौरा अपने टीम के साथ किया जिसमें राजेंद्र ब्रम्हे एवं दिनेश नेमा शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद प्रतिमाओं और पीपल वृक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया और उनके प्राचीन होने का दावा किया है बताया गया कि निरीक्षण के बाद शोध संस्थान के अध्यक्ष ने बताया कि किरनाई मंदिर में स्थापित माता रानी की मुख्य प्रतिमा लगभग 300-400 वर्ष पुर्व की है। इसके साथ ही, मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा को करीब 250 वर्ष पुर्व बताया गया है। मूर्तियों की बनावट, उनकी शैली और पत्थरों की स्थिति के आधार पर यह आकलन किया गया है, जो इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास की ओर इशारा करता है।

प्राचीन पीपल का वृक्ष लगभग 400 वर्ष पूर्व और शिवलिंग 10वीं शताब्दी का और मूर्तियों के अलावा, मंदिर परिसर में लगा विशाल पीपल का वृक्ष भी शोध टीम के आकर्षण का केंद्र रहा। अध्यक्ष के अनुसार, यह पीपल का वृक्ष भी काफी पुराना (सदियों प्राचीन) है, जो लंबे समय से इस धार्मिक स्थल की ऐतिहासिकता और आस्था को अपने आप में समेटे हुए है।

### पुरातत्व के नजरिए से बढ़ेगा महत्व..

इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान के इस खुलासे के बाद किरनापुर के किरनाई मंदिर का धार्मिक के साथ-साथ ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व भी काफी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस प्राचीन स्थल के सही रख-रखाव और शोध से क्षेत्र में पर्यटन और इतिहास को जानने की रुचि रखने वालों की आमद बढ़ेगी। संस्थान के अध्यक्ष ने इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने और इसके संरक्षण की जरूरत पर भी जोर दिया है।

### उपस्थित लोगों में शामिल रहे..

किरनाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल सचिव उगेंद्र मेश्राम, सुरेश रत्नेरे महेंद्र तारन शिव तारन, संजय शारडा, भूरु यादव नन्हे बहेकार, बंटी अर्जुनवार आशीष सोनी मनीष उपाध्याय दीपक दाते।

## पेंच टाइगर रिजर्व में विद्यार्थियों,अधिकारियों ने जानी जैव विविधता,वन्य जीव संरक्षण..





जगप्रेरणा लांजी।

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के द्वारा वन्य प्राणी, पर्यावरण, वन सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर अनेकों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली छात्र छात्राओं को वनों की अनुभूति करवाती है ताकि यह छात्र- छात्राऐ वन्य प्राणी एवं वनों के महत्व को करीब से जान सके। इसी कड़ी में दक्षिण वन मण्डल बालाघाट के अन्तर्गत परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य एवं पूर्व लांजी सामान्य से शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल घोटी नंदोरा, उत्कृष्ट विद्यालय लांजी तथा किरनापुर सामान्य से उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के 55 छात्र छात्राओं इन विद्यालयों के शिक्षकों, को टाईगर आऊटसाईड टाईगर रिजर्व टीओटीआर योजना के अंतर्गत 23 और 24 जून को 2 दिवस का पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी मे वन्य प्राणी जागरूकता शिविर के अन्तर्गत भ्रमण करवाया गया। इस दौरान वन अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा संपूर्ण पेंच टाईगर रिजर्व की जानकारी बच्चो को प्रदान की गई। बच्चों द्वारा पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के तुरिया गेट से जंगल सफारी करते हुए वन्य प्राणियों का प्रत्यक्ष अनुभूति की बच्चों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से बाघ, तेंदुआ, सांभर, बायसन, चीतल, सोन कुत्ता आदि वन्य प्राणियों का दीदार किया तथा पेंच के टूरिस्ट गाइडों के द्वारा बच्चों को उनके बारे में बताया गया कॉमन फैसिलिटी सेंटर खवासा के मीटिंग हॉल में पेंचटाइगर रिजर्व के खवासा बफर के परिक्षेत्र अधिकारी सुमित रेगे के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति द्वारा वन्य प्राणियों एवं उसके आवास स्थलों के संरक्षण में किस प्रकार योगदान दिया जा सकता है मानव वन्यप्राणी द्वंद्व ना हो इसके लिए क्या सावधानी रखनी है विभाग के द्वारा किए गए कार्यो के बारे में जानकारी दी गई अलिकट्टा के घास मैदान और विश्व के सबसे बड़े टाइगर स्टैचू को देखकर बच्चे रोमांचक हुए इसके अतिरिक्त बच्चों ने इंटरप्रिटेशन सेंटर तुरिया तथा पेंच वर्कर सोसाइटी द्वारा संचालित सोवेनियरशॉप भी देखा प्रत्येक बच्चे को वन्यप्राणी प्रिंट की शर्ट वितरण किया गया संपूर्ण कार्यक्रम गौरव चौधरी (भा.व.से.) वन संरक्षक बालाघाट के निर्देशन में एवं नित्यानंदम एल. (भा.व.से.) वनमंडलाधिकारी दक्षिण बालाघाट वनमंडल (सा.)के मार्गदर्शन में एवं राकेश अडकने उपवनमंडल अधिकारी लांजी के मार्गदर्शन तथा सपन ताम्रकार परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम लांजी और जगत खरे परिक्षेत्र अधिकारी किरनापुर के नेतृत्व में किया गया।

इस दौरान अनिता तारन प्रचार्य और मनीषा निंहावे शिक्षिका किरनापुर, जनु मेघे शिक्षिका घोटी, शीतल तुरकर शिक्षिका लांजी इलियास खान वनरक्षक पूर्व लांजी, रत्ना भलावी वनरक्षक पश्चिम लांजी, सुरेश निंहावे वनपाल, पेंच टाइगर रिज़र्व से देवा प्रसाद जे. (भा.व.से.) क्षेत्र संचालक पुनीत गोयल (भा.व.से.) उपसंचालक सुमित रेगे वन परिक्षेत्र अधिकारी,सतिराम उइके परिक्षेत्र सहायक, आकाश साहू वनरक्षक का विशेष योगदान रहा।

## खण्डाफरी वन समिति चुनाव संपन्न, नरेंद्र कुमार टिकले बने अध्यक्ष..



जगप्रेरणा लांजी।

*वन विभाग पश्चिम लांजी अंतर्गत खण्डाफरी वन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में तीन प्रत्याशियों ने अपना भाग्य*

आजमाया, जिसमें नरेंद्र कुमार टिकले ने 259 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति में कुल 925 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 566 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के दौरान 6 मत अमान्य (रिजेक्ट) पाए गए।

मतगणना के बाद घोषित परिणामों में नरेंद्र कुमार टिकले को 259 मत, चंद्रकुमार सर्राटे को 193 मत तथा देवेंद्र कुमार किरमे को 108 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार नरेंद्र कुमार टिकले विजेता घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया का सफल संचालन डिप्टी रेंजर रविन्द्र सोनवाने एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

मतदान और मतगणना की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नरेंद्र कुमार टिकले की जीत पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बधाई देने वालों में अजय अवसरे (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी), दिनेश लाडे (सभापति जनपद पंचायत लांजी), राजू सोयाम (सरपंच खण्डाफरी), प्रभुदयाल किरमे (सरपंच टेकरी), गोवर्धन टिकले (पूर्व सरपंच), किशोरिलाल खरे, महेश टिकले, उत्तम टिकले, ईश्वरदास दहीकर, तिलकचंद आचरे, धियालाल टिकले, कन्हैयालाल टिकले, रुपचंद बाहे, तवारीलाल टिकले, गेन्दलाल खरे, भवकिशोर टिकले, धर्मेंद्र नेताम, भरत टिकले, पुरुषोत्तम चालक, बलराम टिकले, मोहन वरकड़े, राजेश टिकले, परमेश्वर खरे, राजेश्वर चौधरी, मनोहर खरे, गोपालदास खरे, गणेश टिकले, तेजलाल नागेश्वर, फूलदास पांचे एवं विष्णु टिकले सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

विजय की घोषणा के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## नियम विरुद्ध सड़कों पर दौड़ रही 2 बसों के विरुद्ध जुर्माना कार्यवाही..







जगप्रेरणा लांजी।

*कलेक्टर बालाघाट, पुलिस अधीक्षक बालाघाट तथा जिला परिवहन अधिकारी बालाघाट के निर्देशन में लगातार अवैद्य रूप से संचालित वाहनों पर परिवहन विभाग के द्वारा जांच कर*

कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 24 जून को परिवहन विभाग के उड़न दस्ता दल के द्वारा लांजी में बसों की जांच की गई जिसके अन्तर्गत आशीर्वाद बस ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस क्रमांक सीजी 08 एम 0526 कि जांच के दौरान बगैर परमिट संचालन पायें जाने पर पुलिस थाना लांजी में अभिरक्षा में खड़ा किया गया था तथा परिवहन विभाग के नीति नियमानुसार 65 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है।

इसी तरह सालेटेकरी में जांच के दौरान नवीन बस ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस क्रमांक सीजी 07 ई 1620 की जांच कर उस पर 74 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है। इस जुर्माना प्रक्रिया से साफ तौर पर यह तो स्पष्ट हो गया कि उक्त बसें नियमों का उल्लंघन कर संचालित की जा रही थी तथा बेधड़क संचालन से यह भी स्पष्ट हो गया कि किसी ना किसी के संरक्षण में इन बसों का संचालन हो रहा था जिन पर अब तक कार्यवाही नही हो पाना सवालिया निशान खड़ा करता है। बहरहाल वर्तमान में परिवहन विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई तथा बसों पर जुर्माना भी लगाया गया है। लेकिन क्या जुर्माना भरकर संचालन वैद्य हो जायेगा।

### तीन राज्यों की सीमा पार कर हो रहा था बस का संचालन..

आशीर्वाद बस कंपनी की उक्त बस क्रमांक सीजी 08 एम 0526 जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के डोंगरगढ़ से संचालित होकर व्हाया महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश की सीमा लांजी में पंहुचती थी। इसी बस पर परिवहन विभाग ने बिना परमिट के संचालन पर 65 हजार रूपये का जुर्माना किया है। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस विगत 3 से 4 वर्षो से संचालित हो रही थी तो क्या इतने वर्षो से यह अवैद्य रूप से संचालित की जा रही थी इसकी जांच कि जानी चाहिये। यदि अवैद्य रूप संचालन हो रहा था तो बड़ा राजस्व का नुकसान है। परिवहन एवं पुलिस विभाग का चाहिये की इस संबध में बारिकी से जांच की जाये साथ ही यह भी देखा जाये कि आगे नियम विरूद्ध इस प्रकार बसों का संचालन ना हो पाये तथा परिवहन विभाग सक्त कार्यवाही करे।

### अवैद्य एवं नियम विरूद्ध बसों के संचालन पर होगी निरंतर कार्यवाही– बाथम..

उक्त संबध में जिला परिवहन अधिकारी देवेश बाथम से चर्चा की गई तो आपने बताया कि वर्तमान में लगातार वाहनों की जांच अभियान चलाकर जांच की जा रही है। अवैद्य रूप से नियम विरूद्ध वाहनों के संचालन पर नियमित कार्यवाही की जावेगी। बस संचालक वैद्य रूप से परमिट, फिटनेस, टैक्स सहित अन्य वैद्य दस्तावेजों के साथ ही बसों का संचालन करे, नियम विरूद्ध, बिना परमिट के बस संचालन पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

## खेलो से होता है शारीरिक मानसिक विकास जीवन में आगे बढ़ने की मिलती हैं प्रेरणा..





जगप्रेरणा लांजी।

*खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन विकासखंड लांजी में हुआ। जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व एवं*

विकासखंड समन्वयक प्रज्ञात वासनिक के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय के विभिन्न विकासखंडों के खेल मैदानों में आयोजित किया गया। उसी तरह विकासखंड लांजी के शहीद भगतसिंह स्पोट्र्स अकेडमी के तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट खेल मैदान एवं वीरांगना रानी अवंती बाई मिनी स्टेडियम में वॉलीबॉल, कबड्डी एवं एथलेटिक्स खेलों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 150 खिलाड़ियों ने लगातार 1 मई से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस समर कैंप में लगभग 55 नए खिलाड़ियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर खेलों की बारीकियां सीखीं एवं खेलों से शरीर में होने वाले लाभों का लाभ उठाया।

### प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 9 बजे एवं शाम 5 बजे से 8 बजे तक लेते रहे प्रशिक्षण..

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों द्वारा प्रतिदिन सुबह 5:00 से 9:00 बजे एवं शाम 5:00 बजे से 8:00 तक 1 मई से लगातार प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, जिसमें खेलों की बारीकियां सीखीं एवं खेलों में आगे बढ़ाने की प्रेरणा के साथ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। खेलों से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक बदलाव को खिलाड़ियों ने महसूस किया।

### अतिथियों द्वारा खिलड़ियों को जीवन में आगे बढ़ने की दी प्रेरणा..

समापन समारोह में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष बिसोनी देवेश ऐड़े, साकेत पब्लिक स्कूल के डाइरेक्टर संतोष मोरघड़े, मण्डल अध्यक्ष लाँजी आलोक चौरसिया, महेन्द्र कर्राहे, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर लाँजी दिनेश गिरी गोस्वामी, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गौतमा कठाने, विधायक प्रतिनिधि गौरव बैस उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को जीवन में अनुशासन एवं लगातार प्रशिक्षण प्राप्त कर जीवन आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई।

इस कड़ी में दुरूगकर सर द्वारा खिलाड़ी कैसे बने एवं खिलाड़ी बनकर जीवन को कैसे सफल बनाएं कविता द्वारा समझाइए दी गई एवं खेलों के साथ-साथ जीवन में पढ़ाई का महत्व भी समझाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया द्वारा खिलाड़ियों को एक कहानी सुनाकर खेलों में कैसे आगे बढ़े और कैसे खेले का जीवन में पालन करें अपने विचारों द्वारा खिलाड़ियों को समझाइश दी गई । उसी प्रकार विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत बालाघाट गौरव बैस द्वारा खिलाड़ियों को खेलों में लगातार कैसे इंप्रूवमेंट करें और खेलों को अपने जीवन में कैसे उतारे तथा सभी आए हुए अतिथियों से खिलाड़ियों की मदद करने हेतु आगे आने को कहा गया, जिससे विकासखंड लांजी में विभिन्न अन्य खेलों का विकास हो सके तथा खिलाड़ियों को हमेशा अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी गई।

### खेल किट पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिले..

लांजी किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा नए खिलाड़ियों को किट देकर सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया, इस दौरान लगभग 55 नये खिलाड़ियों को किट वितरित की गई जिसे पाकर अत्यंत हर्षित हुए।

समापन कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी लाँजी के प्रशिक्षक भगवती खान, शुभम रामटेके, कैस खान, रितेश आमाडारे, कशिश बारसागड़े, मनसा घोंगड़े, क्रिष्ट कोठारे, एवं सभी सीनियर खिलाडी उपस्थित रहे।

## नीमटोला स्थित मां एग्रो मिल में युवक ने लगाई फांसी..

**जांच में जुटी पुलिस**



जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी के निमटोला स्थित मां एग्रो मिल में 28 वर्षीय युवक नितीश शाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 21 जून 2026 की रात की बताई जा रही है।*

पुलिस के अनुसार, मृतक नितीश शाद पिता लालचंद शाद, उम्र 28 वर्ष, मूल निवासी अक्काहटोला, बिहार का रहने वाला था और वर्तमान में लांजी के अग्रवाल मील, नीमटोला क्षेत्र में रह रहा था। 21 जून 2026 की रात करीब 11:50 बजे सिविल अस्पताल लांजी द्वारा थाने में सूचना दी गई कि नितीश शाद को किसी कारणवश फांसी लगाने के बाद अस्पताल लाया गया था, जहां उसे जांच कर मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल से प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना लांजी में मर्ग क्रमांक 26/2026 धारा 194 बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया एवं शव का पोस्टमॉर्टम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अभी तक आत्महत्या के पीछे का कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# मित्र रविन्द्र पारधी के जन्मदिन पर महापुरुषों की छायाचित्र भेंट कर युवाओं को प्रेरणा से जोड़ने का प्रयास






**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर उसे प्रेरणा का माध्यम बनाने की एक सराहनीय पहल सामने आई है। सामाजिक कार्यकर्ता हितेश अजीत ने अपने मित्र रविन्द्र पारधी के जन्मदिन के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह,***

अमर क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की छायाचित्र भेंट स्वरूप देकर युवाओं को महापुरुषों के विचारों और आदर्शों से जोड़ने का प्रयास किया। इस अवसर पर हितेश अजीत ने कहा कि महापुरुषों के विचार और आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यदि लोग उनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन में अपनाएं तो समाज और देश दोनों मजबूत बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर महापुरुषों की छायाचित्र भेंट करना एक सकारात्मक पहल है, जिससे नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास और महान व्यक्तित्वों से जुड़ सके तथा उनके विचार जन-जन तक पहुंच सकें।

वहीं रविन्द्र पारधी ने इस अनोखे उपहार के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस प्रकार के प्रेरणादायक उपहार की अपेक्षा नहीं की थी। उनका मानना है कि महापुरुषों की प्रतिमा हो या छायाचित्र, वे हमें सदैव अच्छा कार्य करने और सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जब भी व्यक्ति अपने मार्ग से भटकता है, तब ऐसे महापुरुषों के आदर्श उसे सही रास्ता दिखाने का कार्य करते हैं।

उन्होंने संकल्प लिया कि वे महापुरुषों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करेंगे और उनके विचारों को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस पहल ने जन्मदिन को केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज में प्रेरणा और जागरूकता फैलाने का माध्यम बनाने का संदेश दिया है।

# प्रदीप हरिन्द्रवार के गृह प्रवेश पर मिला प्रेरणा का उपहार, महापुरुषों के मार्ग पर चलने की अपील




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***आज के दौर में जहां जन्मदिन और गृह प्रवेश जैसे आयोजनों में लोग आकर्षक और महंगे उपहार देने को प्राथमिकता देते हैं, वहीं सामाजिक कार्यकर्ता हितेश अजीत ने एक अलग और प्रेरणादायक***

पहल करते हुए प्रदीप हरिन्द्रवार के गृह प्रवेश समारोह में क्रांतिकारी महापुरुष शहीद भगत सिंह, अमर क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के छायाचित्र भेंट किए। शिवाय कॉलोनी, गर्रा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर हितेश अजीत ने यह विशेष भेंट प्रदीप हरिन्द्रवार एवं श्रीमती गीता हरिन्द्रवार को प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल उपहार देना नहीं, बल्कि समाज को उन महान विभूतियों के विचारों से जोड़ना है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।



उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को महापुरुषों के संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। यदि उनके विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जाए तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। ऐसे महापुरुषों के चित्र केवल दीवारों की शोभा नहीं बढ़ाते, बल्कि हर दिन हमें देश, समाज और कर्तव्य के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण भी कराते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका मानना था कि जन्मदिन, गृह प्रवेश और अन्य पारिवारिक आयोजनों में महापुरुषों के छायाचित्र एवं प्रेरणादायी साहित्य भेंट करने की परंपरा विकसित होनी चाहिए, जिससे नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रनायकों से परिचित हो सके।

प्रदीप हरिन्द्रवार एवं श्रीमती गीता हरिन्द्रवार ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें बहुत ही अनमोल उपहार प्राप्त हुआ है, जिसे वे आजीवन संभालकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने तथा इस प्रेरणादायक संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

# राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत जुलाई माह में 28 नेत्र शिविरों का आयोजन..

## प्रत्येक शिविर में आपरेशन के लिए मोतियाबिंद के 100 मरीज चिन्हित करने का लक्ष्य

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत माह जुलाई 2026 में जिले के विभिन्न स्थानों पर 28 नेत्र शिविरों का आयोजन किया जाएगा।***

यह शिविर स्वयं सेवी संस्था दादा वीरेन्द्र पूरी (देवजी नेत्रालय) संस्थान जोतपुर तिलवाराघाट जबलपुर के सहयोग से जिले के सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किये जाएंगे। प्रत्येक शिविर में मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 100 मरीजों को चिन्हित करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में चिन्हित मरीजो का आपरेशन देव नेत्रालय जबलपुर में किया जाएगा एवं मरीजों को देव नेत्रालय ले जाने एवं वापस लाने की व्यवस्था व जवाबदारी देवजी नेत्रालय संस्था जबलपुर की रहेगी। मोतियाबिंद के मरीजों की आंखो का आपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव ने बताया कि जिले की प्रत्येक सीएचओ अपने कार्यक्षेत्र-आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नेत्र की बीमारियों के मरीजों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करेगी। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 1000 की आबादी पर सात मोतियाबिंद की दर से ऑपरेशन लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिमाह लगने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविर में मोतियाबिंद मरीजो को भेजना सुनिश्चित करेंगी।

राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के तहत सिविल अस्पताल बैहर एवं सा. स्वा. केंद्र बिरसा में 01, 15 एवं 29 जुलाई को, सामू.स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा एवं लामता में 02, 16, 23 व 30 जुलाई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में 07, 14, 21 व 28 जुलाई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में 06, 13, 20 व 27 जुलाई को, सिविल अस्पताल वारासिवनी एवं लालबर्रा में 03, 10, 17, 24 एवं 31 जुलाई तथा सिविल अस्पताल लांजी और सामुदायिक केंद्र किरनापुर में 09, 22 एवं 31 जुलाई को शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**जगप्रेरणा बिरसा।**

***जिले में वन भूमि पर लगातार हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थानीय निवासियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नागरिकों में भारी गुस्सा है। मामला वन परिक्षेत्र पूर्व बैहर के मंडई वृत्त की बीट क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1653-54 से जुड़ा हुआ है।***




ग्रामीणों का आरोप है कि इस क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर वन भूमि पर अवैध कब्जा करके खेती की जा रही है। इसके साथ ही, खेती के लिए जंगलों के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई किए जाने की शिकायत भी सामने आई है।

## वन संरक्षण कानून के पालन की मांग और ज्ञापन

स्थानीय लोगों के अनुसार, वन संरक्षण से जुड़े कानूनों के तहत वन भूमि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है। बिना किसी अनुमति के वन भूमि पर कब्जा करना और उसका अन्य व्यावसायिक या कृषि कार्यों में उपयोग करना नियमों के पूरी तरह विरुद्ध है।

इस मामले को लेकर मंडई वृत्त के ग्राम डोंगरिया निवासी भागचंद पटले सहित अन्य ग्रामीणों ने वन मंडलाधिकारी, मुख्यमंत्री, वन मंत्री और जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और वन भूमि को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

## विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि वन भूमि पर हो रहे इस बड़े अतिक्रमण की पूरी जानकारी संबंधित वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को है, लेकिन इसके बावजूद भी अब तक कोई प्रभावी ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लगातार बढ़ रहे अवैध कब्जों के कारण अब विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी पूरी स्थिति से भली-भांति अवगत होने के बाद भी मूकदर्शक बने बैठे हैं।

## पर्यावरण संतुलन को लेकर जताई चिंता

ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि वन क्षेत्र में लगातार हो रहे इस अतिक्रमण से पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह प्रभावित हो सकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो जंगलों का दायरा लगातार सिमटता चला जाएगा। इसका सीधा प्रतिकूल असर वन्यजीवों के आवास और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ेगा।

# अवैध शराब निर्माण के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 6 हजार किलो महुआ लाहन नष्ट

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।***





इसी क्रम में गुरुवार 25 जून 2026 को आबकारी वृत्त कटंगी की टीम ने ग्राम गोरेघाट में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 6 हजार किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग के दल ने ग्राम गोरेघाट के नदी किनारे एवं जंगल क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान पानी के अंदर छिपाकर रखा गया तथा जंगल में विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक की बोरियों में भरा हुआ बड़ी मात्रा में महुआ लाहन बरामद किया गया है। विभाग द्वारा आवश्यक नमूने लेने के बाद शेष लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 2 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं। जब्त एवं नष्ट की गई सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 6 लाख रुपये बताया गया है। इस अभियान में वृत्त प्रभारी एवं उपनिरीक्षक श्री संदीप श्रीवास, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके सहित आबकारी विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का ने बताया कि अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए अवैध मदिरा कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक कर सकेंगे विद्यार्थी

## स्पर्श पोर्टल के माध्यम से होगा आवेदन और स्वीकृति की पूरी प्रक्रिया

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किये जा सकेंगे।***

योजना के प्रभावी संचालन के लिए एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।

योजना के अंतर्गत अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी पात्रतानुसार स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही जिला कार्यालयों में प्राप्त ऑफ्लाइन आवेदनों को भी संयुक्त अथवा उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का परीक्षण जिला स्तर पर किया जाएगा।

पात्रता एवं नियमानुसार आवेदनों को स्वीकृत किया जाएगा तथा अपात्र पाए जाने वाले आवेदनों को अस्वीकृत किया जाएगा। विद्यार्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं स्वीकृति-अस्वीकृति की प्रक्रिया 15 सितम्बर 2026 तक पूर्ण की जाएगी।

योजना के तहत स्वीकृत हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार सामग्री का वितरण विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2026 के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने सभी पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करने का आग्रह किया। जिला अधिकारियों से योजना के ऑनलाइन क्रियान्वयन की समस्त प्रक्रिया का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

# सांप के काटने पर झाड़-फूंक नहीं, तत्काल अस्पताल पहुंचाएं मरीज..

## एंटी स्नेक वेनम ही बचा सकता है मरीज की जान

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही जिले में सांप निकलने और सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने लगती है। खेतों, घरों के आसपास, लकड़ी एवं घास-फूस के ढेरों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में सांपों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं।***

ऐसे समय में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि सांप के काटने की स्थिति में किसी भी प्रकार के तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में न पड़ें, बल्कि मरीज को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि सर्पदंश के बाद समय पर उचित चिकित्सा उपचार मिलने से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है। सांप के काटने के बाद कई लोग पंडा-पुजारी, ओझा-गुनिया अथवा झाड़-फूंक कराने में कीमती समय गंवा देते हैं, जिसके कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) ही सर्पदंश का प्रभावी और प्रमाणित उपचार है।

डॉ उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले के जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के कई अस्पतालों में भी एंटी स्नेक वेनम का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है, ताकि जरूरत पडऩे पर मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। इसलिए सर्पदंश की घटना होने पर मरीज को बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचाना चाहिए।

## सर्पदंश होने पर क्या करें

सर्पदंश होने पर मरीज को शांत रखें और घबराने न दें। प्रभावित अंग को अधिक हिलाने-डुलाने से बचाएं। मरीज को जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग या पहचान संबंधी जानकारी सुरक्षित रखें, लेकिन सांप को पकडऩे या मारने का प्रयास न करें। एम्बुलेंस सेवा या चिकित्सा सहायता के लिए तुरंत संपर्क करें।

## सांप के काटने पर क्या न करें

सांप के काटने पर झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र या अंधविश्वास का सहारा न लें। काटे गए स्थान पर चीरा न लगाएं। जहर चूसने का प्रयास न करें। प्रभावित अंग पर अत्यधिक कसकर रस्सी या कपड़ा न बांधें। घरेलू नुस्खों के भरोसे समय बर्बाद न करें।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षा ऋतु में खेतों और घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, रात में टॉर्च का उपयोग करें तथा बच्चों को भी सर्पदंश से बचाव के प्रति जागरूक करें।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सांप के काटने पर त्वरित चिकित्सा उपचार और एंटी स्नेक वेनम ही मरीज की जान बचा सकता है, इसलिए किसी भी प्रकार के अंधविश्वास के बजाय वैज्ञानिक उपचार को प्राथमिकता दें। इससे सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।


## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*


# उच्च शिक्षा विभाग की पहल : नए सत्र में महाविद्यालयों में होंगे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में इंडक्शन (अभिमुखीकरण) कार्यक्रम के दौरान ÷मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम÷ आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।***

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें तनाव, अवसाद एवं अन्य मनोवैज्ञानिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच, ध्यान एवं जीवन कौशल जैसे विषयों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आवश्यकता पडऩे पर काउंसलिंग एवं सहायता सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को एंटी-रैगिंग नियमों, शिकायत निवारण तंत्र, मेंटर-मेंटी प्रणाली, साइबर बुलिंग से बचाव तथा जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के संबंध में भी जागरूक किया जाएगा। महाविद्यालयों में उपलब्ध काउंसलर, मेंटर, एंटी-रैगिंग समिति, आंतरिक शिकायत समिति एवं अन्य सहायता तंत्रों की जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

उच्च शिक्षा विभाग ने सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम के लिए स्थानीय मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स, वीडियो एवं समाचार प्रकाशन की प्रतियां विभाग को निर्धारित समय सीमा में भेजी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि यह पहल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित नेशनल टास्कर फोर्स की अनुशंसाओं के अनुरूप की जा रही है।

विभाग का मानना है कि विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यक्तित्व विकास और समग्र कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को संस्थागत रूप दिया जा रहा है, जिससे महाविद्यालयों में सुरक्षित, समावेशी और सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हो सके।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ जिला गोंदिया धरना आंदोलन संपन्न..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***दिनांक 25-6-26को मा शिक्षणाधिकारी माध्यमिक जिला परिषद गोंदिया कार्यालय पर धरना प्रदर्शन आंदोलन***

शाम 5-00बजे मा उपशिक्षणाधिकारी मंडाळे साहब को ज्ञापन सौंपकर संपन्न हुआ। मा उपशिक्षणाधिकारी मंडाळे साहब ने अपने विचारों से सबको अवगत कराया और शासन को निवेदन भेज दिया जाएगा ऐसे विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ओ एस गुप्ता अध्यक्ष, श्री रतन वासनिक जिला सलाहकार श्री दिनेश बाहेकर जिला मार्गदर्शक श्री राजेन्द्र झाडे उपाध्यक्ष श्री सुर्यकांत केंद्रे सहकार्यवाह सौ रश्मि बोपचे जिला संगठक श्री जी जे परदेसी कार्यवाह जिला परिषद शिक्षक मुख्याध्यापक संघ जिला गोंदिया संलग्न विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ श्री महेन्द्र सोनवाने अध्यक्ष जिला परिषद शिक्षक मुख्याध्यापक संघ श्री एम पी रहांगडाले संगठन सचिव श्री एस पी उइके तालुका कार्यकारणी अध्यक्ष गोंदिया ग्रामीण, श्री राजू मेश्राम मार्गदर्शक तालुका मोरगाव अर्जुनी श्री दत्ताजी संग्रामे तालुका कार्यकारणी उपाध्यक्ष मोरगाव अर्जुनी श्री योगेश रहांगडाले उपाध्यक्ष तालुका कार्यकारणी गोरेगांव श्री बी टी मेडके सर श्री जी आर कापगते सर श्री एम आर मरकाम उपाध्यक्ष जिला परिषद शिक्षक मुख्याध्यापक संघ, श्री डी एन धुर्वे उपाध्यक्ष जिला परिषद शिक्षक मुख्याध्यापक संघ श्री एल एन येडे सर श्री जे टी शेंद्रे सहकार्यवाह तथा शिक्षक मुख्याध्यापक शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित होकर धरनें आंदोलन प्रदर्शन को समर्थन देकर मा श्री सुधाकर जी अडबाले साहब शिक्षकै आमदार नागपुर विभाग नागपुर व सरकार्यवाह विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ इनके नेतृत्व में धरणे आंदोलन कर समर्थन दिया। जिला परिषद शिक्षक मुख्याध्यापक संघ जिला गोंदिया संलग्न विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ जिला परिषद व सर्व तालुका कार्यकारणी विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ जिला गोंदिया ने धरना आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई है।

अध्यक्ष ओ एस गुप्ता, कार्यवाह संदीप मांढरे। विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ जिला परिषद व सर्व तालुका कार्यकारणी। साथ में अध्यक्ष महेन्द्र सोनवाने, कार्यवाह जिला परिषद शिक्षक जे परदेसी मुख्याध्यापक संघ जिला गोंदिया संलग्न विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ जिला गोंदिया।

# गोंदिया जिला नागरी ग्रामीण पत संस्था संघ अध्यक्ष पद पर सुभाष आकरे चुने गये



## किशोर डोंगरवार उपाध्यक्ष, सचिव पद पर संतोष बिसेन बिना विरोध के चुने गए..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***जिला नागरी/ग्रामीण बिगरशेती एवं कर्मचारी सहकारी पतसंस्था संघ मर्या गोंदिया गोंदिया (रजि.क्र. 2) के 2026 से 2031 के समय के लिए नए बने नवनियुक्त संचालक मंडळ की सभा***

मंगलवार को गोंदिया जिला प्राथमिक शिक्षक सहकारी पतसंस्था कार्यलय के गणेशनगर में जोश भरे माहौल में हुई। इस मौके पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सचिव के पदों का चुनाव बिना विरोध के हुआ। चुनाव निर्णय अधिकारी विशाल वंजारी की अध्यक्षता में हुई सभा में, सुभाष गोविंदराव आकरे को अध्यक्ष, किशोर बाबा डोंगरवार को उपाध्यक्ष और संतोष रेखचंद बिसेन को सचिव चुना गया चुनाव अधिकारी ने सभी पदों के लिए एक ही नॉमिनेशन फॉर्म मिलने पर उनके चुनाव की घोषणा की। अध्यक्ष पद के लिए सुभाष आकरे का नाम सुमेश चैतराम कटरे ने सुझाया और उमेश हीरालालजी ने मंजूरी दी उपाध्यक्ष पद के लिए किशोर डोंगरवार का नाम जयंत रघुनाथजी लांजेवार ने सुझाया और सुखचंद पांडुरंग राउत ने मंजूरी दी सचिव पद के लिए संतोष बिसेन का नाम गजानन रामदासजी चांदीवाले ने सुझाया और खुमेश चैतराम कटरे ने मंजूरी दी।

सभा में किशोर डोंगरवार, उमेश हीरालालजी, खुमेश कटरे, संतोष बिसेन, जयंत लांजेवार, मीना बिसेन, सुभाष आकरे, सुखचंद राऊत, महेश अहिरकर, गजानन चांदीवाले, सामाजिक कार्यकर्ता यशवंत मानकर संचालक शामिल हुए।

चुनाव निर्णय अधिकारी विशाल वंजारी ने नए नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संघ के भविष्य की कामना की। उम्मीद जताई गई कि नए संचालक मंडळ के नेतृत्व में जिले में शहरी और ग्रामीण सहकारी संस्थाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### न्यु गोंदिया अस्पताल के सामने से मोपेड चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/6/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान न्यु गोंदिया हास्पीटल गणेश नगर मे फर्यादी गौरव राजेन्द्रसिंग बग्गा उम्र 42 वर्ष निवासी बजाज बिल्डिंग देशबंधु वार्ड अपने ज्युपीटर मोपेड से अस्पताल गये थे। वापस आकर देखा तो वाहन क्रमांक एम एच 29 ए यु 3997 किमत 35 हजार की वहा नही थी। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 457/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा सुदेश टेंभरे 596 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### पुराने विवाद पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/ 6/ 2025 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान फर्यादी कन्हेय्या चंपालाल पांडे उम्र 24 वर्ष निवासी बनीया मोहल्ला आमगांव को 4 आरोपियों ने पुराने विवाद पर लाथ घुसो और लकड़ी से मारपीट की बीच बचाव करने आयी आशा शिवनकर तो उसे भी आरोपीयो ने झुठे केस मे फंसाने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 453/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 351, 3, 352, 3, 5, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा उईके 795 पोस्टे आमगाव कर रहै है।


### तुम मकान क्यो बना रहे हो ये जमीन हमारी है बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/ 6/ 2025 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान गाडगेबाबा नगर मे फर्यादी लिलाधर देवचंद बोहने उम्र 55 वर्ष निवासी संत गाडगेबाबा नगर आमगाव अपना मकान बना रहे थे। जहा आरोपी क्रमांक 1 और 2 ने आकर कहा ये जमीन हमारी है काम बंद करो बोलकर मारपीट की बेटी बिचबचाव करने आयी तो उसे भी गालीगलोच कर मारने की धमकी देने से फर्यादी की शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 451/2026 धारा 118,1,352, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा बर्वे 562 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# प्रशासन की बेपरवाही के खिलाफ प्रहार का विरोध, ठाणा में पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध





## महसुल पंचायत समिति और सार्वजनिक बांधकाम विभाग के खिलाफ गुस्सा, तीन दिन के धरने के बाद भी अधिकारी नहीं ली सुध..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

प्रहार जनशक्ति पार्टी ने लोगों के प्रलंबित मुद्दों को प्रशासन द्वारा लगातार नज़रअंदाज़ किए जाने के खिलाफ़आक्रामक रुख अपनाया है, और ठाणा में आमगांव तालुका में चल रहे धरने ने गुरुवार को एक नाटकीय मोड़ ले लिया। महसुल विभाग में प्रलंबित मामलों, मनरेगा देयक सेवा हमी कानुन के उल्लंघन और गिधाडी-जवरी-चिरचालबांध रोड की खराब हालत को लेकर अपनी मांगों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने से नाराज़ मज़दूर गांव में पानी की टंकी पर चढ़ गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

23 जून से प्रहार जनशक्ति पार्टी ने ठाणा में अलग-अलग जनहित के मुद्दों को लेकर धरना शुरू किया है। गांववालों की तरफसे विरोध पर तुरंत जवाब मिलने के बावजूद, महसुल विभाग , पंचायत समिति और सार्वजनिक बांधकाम विभाग से बातचीत के लिए कोई ज़िम्मेदार अधिकारी न आने से प्रदर्शनकारियों में बहुत गुस्सा था। प्रहार के तालुका प्रमुख दीपक जियालाल भोयर, जिल्हा अध्यक्ष पिंटू बावनकर, चंद्रकांत बड़वाइक, खुमेंद्र कावळे और दूसरे कार्यकर्ता सीधे गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गए और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ नारे लगाए। इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। इस समय, प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी कि अगर कोर्ट के आदेशों को लागू करने, महसुल विभाग के फेरफार प्रकरण, रुके हुए **MNREGA** पेमेंट और सड़क रिपेयर के बारे में तुरंत फैसले नहीं लिए गए, तो विरोध और तेज किया जाएगा। प्रहार के पदाधिकारियों ने प्रशासन के काम करने के तरीकों पर बहुत गुस्सा जताया और लोगों की समस्याओं पर तुरंत एक्शन लेने की मांग की। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानिक प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रदर्शनकारियों से बातचीत करके हालात को काबू में करने की कोशिश की गई। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के बारे में कोई पक्का भरोसा मिलने तक आंदोलन जारी रखने का पक्का इरादा जताया।

### आंदोलन के पीछे मुख्य मुद्दे

रेवेन्यू डिपार्टमेंट में कई केस सालों से पेंडिंग हैं। कोर्ट के ऑर्डर लागू करने में देरी। अमेंडमेंट नंबर 1881 और उससे जुड़े रिकॉर्ड करेक्शन केस में कोई कार्रवाई नहीं। महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस राइट एक्ट के नियमों का कथित उल्लंघन। **MGNREGA** के तहत पूरे हो चुके कामों के पेमेंट में देरी। रूरल डेवलपमेंट और एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम में पेंडिंग मुद्दे। गधाडी-जवरी-चिरचालबांध रोड पर जानलेवा गड्ढों की वजह से लोगों को हो रही परेशानी।

### प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें..

सभी पेंडिंग रेवेन्यू केस तुरंत निपटाए जाएं। कोर्ट के आदेश तुरंत लागू किए जाएं। अमेंडमेंट नंबर 1881 मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो। सर्विस गारंटी एक्ट का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। **MN-REGA** मजदूरों, ग्राम पंचायतों और सप्लायरों के पेंडिंग बिलों का तुरंत पेमेंट हो। गिधाड़ी-जवरी-चिरचालबांध रोड की युद्ध स्तर पर मरम्मत हो। नागरिकों की एप्लीकेशन और शिकायतों पर तय समय में फैसला लेने का सिस्टम बनाया जाए।

प्रहार जनशक्ति पार्टी की ओर से प्रशासन को दी गई इस चेतावनी को अब गंभीर माना जा रहा है, और मांगों पर तुरंत फैसला न होने पर लोकतांत्रिक तरीकों से जोरदार विरोध करने का फैसला किया गया है। इसी वजह से पूरे जिले का ध्यान थाना में हो रहे विरोध प्रदर्शन की ओर गया है।

# एस टी बस की चपेट मे आने से मोटर सायकल चालक हुवा जखमी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/6/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान बोरकन्हार मे बेनेश्वर कुवरलाल हरिणखेडे उम्र 50 वर्ष अपनी मोटरसायकल से गाव वापस आ रहा था। वापस आते समय एस टी बस के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर मोटसायकल को ठोस मारी मोटरसायकल चालक गंभीर जखमी होने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 450/2026 धारा 281,125, अ,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा उईके 26 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# चलती दुरंतो एक्सप्रेस में दो हेल्थ वर्कर 'फ़रिश्ते' बन गए..

## गोंदिया की एक हेल्थ वर्कर ने बड़ा रिस्क लिया, जबकि अगला स्टेशन बहुत दूर था; उसने एक माँ और बच्चे को ज़िंदगी दी, हर तरफ से तारीफ़ हो रही है..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

***'अगर हम फ़र्ज़ का एहसास और समय की गंभीरता को समझ लें, तो चलती ट्रेन में भी जान बचाने का चमत्कार हो सकता है,' यह बात हाल ही में नागपुर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में दिखी। नागपुर से मुंबई जा रही दुरंतो सुपरफ़ास्ट***

एक्सप्रेस में एक गर्भवती माँ को अचानक तेज़ लेबर पेन होने लगा। क्योंकि दुरंतो एक्सप्रेस कुछ ही स्टेशनों पर रुकती है और अगले ऑफ़िशियल स्टॉप में काफ़ी समय था, इसलिए स्थिति बहुत गंभीर हो गई थी। ऐसी गंभीर और इमरजेंसी स्थिति में, गोंदिया के प्राइमरी हेल्थ सेंटर काटी के तहत मरारटोला सब-सेंटर में काम करने वाली **A.N.M.** हेल्थ वर्कर श्रीमती राजश्री भोंडे (नेवारे) ने अपनी ज़िम्मेदारी समझते हुए बड़ा रिस्क लिया और चलती ट्रेन में एक महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई। उनकी बहुत हिम्मत और फुर्ती की वजह से, माँ और नवजात बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, और भोंडे सिस्टर की हर तरफ तारीफ हो रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, 24 जून, 2026 को सुबह करीब 2.30 बजे नागपुर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस भुसावल रेलवे स्टेशन से गुज़रकर अच्छी स्पीड से जलगांव की ओर जा रही थी। ठीक इसी समय, ट्रेन में एक गर्भवती महिला यात्री को अचानक तेज़ लेबर पेन और कॉन्ट्रैक्शन होने लगे। सबसे ज़्यादा चिंता की बात यह है कि जब यह गर्भवती महिला नागपुर से मुंबई जा रही थी, तो उसके साथ उसकी दो छोटी बेटियों के अलावा कोई पुरुष रिश्तेदार नहीं था। क्योंकि दुरंतो एक्सप्रेस के स्टॉप कम हैं, इसलिए अगला स्टेशन बहुत दूर था। दर्द और आगे की मुसीबत के डर से परेशान माँ और ट्रेन में सवार यात्री और रिश्तेदार बहुत डर गए थे।

इत्तेफ़ाक से, गोंदिया की एक हेल्थ वर्कर श्रीमती राजश्री भोंडे भी उसी ट्रेन और उसी कोच में अपने भाई के गृहप्रवेश के लिए मुंबई जा रही थीं। हालात की गंभीरता और महिला को लेबर पेन से जूझते हुए देखकर, सिस्टर भोंडे ने बिना किसी डर के तुरंत एक्शन लिया। चलती ट्रेन में डिलीवरी के लिए ज़रूरी मेडिकल सुविधाओं की कमी के बावजूद, उन्होंने अपने लंबे अनुभव और स्किल से, सिर्फ़20 मिनट में, यानी सुबह करीब 2.50 बजे, चलती ट्रेन में ही महिला की 'सफल और सुरक्षित डिलीवरी' करवाई। उन्होंने एक सुंदर और हेल्दी बच्चे को सुरक्षित रूप से जन्म दिया और एक माँ और उसके नवजात शिशु की जान बचाकर एक बड़ी मुसीबत को टाल दिया।

### बोली आरोग्य सेविका श्रीमती राजश्री भोंडे (नेवारे)..

'यह घटना, जो मेरी 14 साल की सर्विस के दौरान बिना किसी मेडिकल सपोर्ट और बिना किसी साथी के हुई, मेरे लिए बहुत ही यादगार, अकल्पनीय और अनोखी है। भले ही उस मुश्किल हालात में रिसोर्स की कमी थी, लेकिन एक माँ की जान बचाना और उसके बच्चे को सुरक्षित दुनिया में लाना मेरा सबसे बड़ा फ़र्ज़ था। यह सिर्फ भगवान की कृपा और मेरे अनुभव की ताकत से ही मुमकिन हो पाया। मुझे इस कामयाबी पर गर्व है।' डिलीवरी सफलतापूर्वक होने के बाद, आगे की मेडिकल मदद के लिए तुरंत रेलवे प्रशासन से संपर्क किया गया। रेलवे प्रशासन ने भी घटना की गंभीरता को समझा और तुरंत इमरजेंसी सिस्टम चालू कर दिया। दुरंतो एक्सप्रेस को तुरंत चालीसगांव रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी स्टॉप दिया गया और पहले से तैयार रखी गई '108' एम्बुलेंस को वहां बुलाया गया। उसके बाद, मां और नवजात बच्चे को आगे के ज़रूरी इलाज के लिए मेडिकल टीम और रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया। मां और बच्चा दोनों सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

इस मुश्किल समय में स्वास्थ्य सहाय्यक राजश्री भोंडे ने जो इंसानियत, सेवा भावना और मुस्तैदी दिखाई है, वह पूरे हेल्थ वर्कफोर्स के लिए बहुत गर्व और प्रेरणा का स्रोत बन गई है। इस शानदार और बहादुरी भरे काम के लिए गोंदिया जिला स्वास्थ्य अधिकारी ऑफिसर डॉ. अभिजीत गोल्हार, सहाय्यक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार वाघमारे, मैटरनल एंड चाइल्ड केयर ऑफिसर डॉ. रोशन राउत और काटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभम गौतम ने उनकी खास तारीफ की है। और उनके आगे के कामों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर ऐसी भावनाएं जाहिर की गईं, 'भोंडे सिस्टर ने समाज के सामने एक बेहतरीन मिसाल कायम की है कि मरीज़ की देखभाल को किसी भी हालत में सबसे बड़ा फ़र्ज़ माना जाना चाहिए, और स्वास्थ्य विभाग का नाम गर्व से ऊंचा किया है।'

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



**धान रोपाई में जुटीं ग्रामीण महिलाएं**

सालेकसा तहसील के जिन क्षेत्रों में सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है, वहां धान की रोपाई का कार्य पूरे जोर-शोर से जारी है। ग्राम जांभळी में ग्रामीण महिलाएं खेतों में धान की पौध रोपते हुए अच्छी फसल की उम्मीद के साथ मेहनत करती नजर आ रही हैं। चारों ओर फैली हरियाली और किसानों का उत्साह क्षेत्र में खरीफ सीजन की सकारात्मक शुरुआत का संकेत दे रहा है।

छाया- प्रा. राकेश रोकडे

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**



अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोस की जांच
हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्प्लेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अरुट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के साथ मारपीट प्रकरण में

# 10 साल बाद न्यायालय का फैसला, पार्षद शिव शर्मा एवं राहुल श्रीवास को 5-5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा..

## अन्य आरोपियों को न्यायालय ने किया निर्दोष मानकर किया रिहा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक गोपालदास अग्रवाल एवं उनके पुत्र विशाल गोपालदास अग्रवाल के साथ दिनांक 09 अप्रैल 2016 को होटल ग्रैंड सीता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तथा तत्कालीन जिला परिषद अध्यक्ष उषा मेंढे की उपस्थिति में अचानक हमला करते हुए पूर्व पार्षद शिव शर्मा एवं सहयोगी राहुल श्रीवास द्वारा मारपीट करते हुए***

लहुलुहान कर दिया था। इस प्रकरण ने जिले के पुरे राजनीतिक व सामाजिक जगत को अचंभे में डाल दिया, तथा हर कोई इस घटनाक्रम से हैरान था, तथा घटनाक्रम की निंदा कर रहा था। धीरे धीरे वक्त बीतता चला गया, लेकिन अब 10 वर्ष बाद न्यायालय में चली सुनवाई जिसमें विभिन्न गवाहों से बयान भी लिये गए, तथा अधिवक्ताओं के तर्क भी माननीय न्यायाधीश द्वारा सुने गए, जिसके बाद आज 25 जून को 10 वर्ष 2 माह बाद पूर्व विधायक एवं उनके पुत्र के साथ मारपीट मामले में न्यायालय द्वारा फैसला सुनाया गया है, जिसमें पार्षद शिव कुमार शंकरलाल शर्मा व राहुल हेमराज श्रीवास दोनों को क्रमशः 5 - 5 वर्ष की सजा व 50 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनाई गई है, जबकि इसी प्रकरण में अन्य 4 आरोपियों को निर्दोष बरी कर दिया गया है। गौरतलब है कि पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के साथ मारपीट मामले में रामनगर पुलिस थाने में शिव शर्मा सहित 6 लोगों के खिलाफ भादवि की धारा 307, 120 (ब), 324, 325, 294, 505, 212 व 34 के तहत मामला दर्ज किया था। इस घटना की रामनगर थाने के तत्कालीन थानेदार ताईतवाले ने जांच शुरू की थी, इसके बाद तत्कालीन पुलिस निरीक्षक नन्नावरे ने संपूर्ण प्रकरण की जांच कर दोषारोपण पत्र न्यायालय के सुपुर्द किया था। इस प्रकरण की गत 5 दिनों से न्यायालय में सुनवाई शुरू थी। पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने आरोपियों को अग्रिम जमानत नही मिले, इसके लिए नागपुर हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी, जिससे आरोपी शिव शर्मा को अंततः जमानत नही मिली। कोरोनाकाल का समय होने से सुप्रीम कोर्ट में भी कोई सुनवाई नही हुई थी, जिससे शिव शर्मा ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी गिरफ्तारी दी थी।

इतना ही नही पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने इस प्रकरण में शासन से मांग कर नक्सल अपराध के विशेषज्ञ एड. पी.के. सत्यनाथन की नियुक्ति की थी. जिससे वे समय-समय पर न्यायालय में उपस्थित हुए। जिला अपर सत्र न्यायालय के प्रथम न्यायधीश प्रतिनिधि ने 25 जून को लंच के बाद दोपहर 4 बजे प्रकरण की सुनवाई शुरू की। इस समय एड. सत्यनाथन ने नागपुर से कॉन्फ्रेंस कर न्यायधीश प्रतिनिधि से मुखातिब होकर भादवि की धारा 324 पर ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किया, वहीं आरोपियों की पैरवी कर रहे एड. प्रकाश तोलानी के सहकारी अधिवक्ताओं ने न्यायधीश से कम से कम सजा देने की मांग की। प्रथम न्यायधीश प्रतिनिधि ने शिव शर्मा व राहुल श्रीवास को क्रमशः 5 वर्ष कैद की सजा व क्रमशः 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई. इसी तरह अनमेश उर्फराज लक्ष्मीनारायण दुबे, गजेंद्र रामचरण साते, परवेज पटेल परवेज खान व जगजीतसिंग उर्फ बिट्टू प्रितमसिंग भाटिया को इस प्रकरण में निर्दोष रिहा कर दिया। इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय परिसर में काफी लोग उपस्थित थे।

### न्यायालय ने भेजा जेल..

उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय द्वारा सजा की सुनवाई होते ही न्यायालय परिसर में उपस्थित पुलिस कर्मचारियों ने शिव शर्मा व राहुल श्रीवास दोनों को अपने कब्जे में ले लिया। शासकीय मेडिकल कॉलेज में फिटनेस के बाद दोनों को देर रात भंडारा कारागृह के लिए रवाना किया गया है, ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है।

# वर्षा ऋतु समाप्त होने के पूर्व नई सड़क खुदाई का काम करने पर करेंगे कड़ी कार्रवाई.. सचिन शेंडे

## नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने विकास कार्यों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश..

## विभिन्न पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदार भी रहे उपस्थित..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर परिषद के सभागार में आज 25 जून को नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने नगर परिषद गोंदिया के संबंधित विभागों के अधिकारियों, ठेकेदारों एवं विभिन्न***


एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सचिन शेंडे ने उपस्थित अधिकारियों व ठेकेदारों को बताया कि शहर के कई स्थानों पर विकास कार्यों के कारण सड़कें खोदी गई हैं तथा कुछ कार्य अधूरे होने से नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इस स्थिति में जहां भी अव्यवस्थाएं हैं, वहां नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए युद्ध स्तर पर बारिश से पूर्व सभी सुरक्षात्मक व्यस्थाएं सुनिश्चि की जाए, वहीं सचिन शेंडे ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आज से वर्षा ऋतु समाप्त होने तक नई सड़क खुदाई के सभी कार्य तत्काल प्रभाव से बंद रखे जाएं।

सचिन शेंडे ने वर्तमान में चल रहे एवं अधूरे पड़े सभी कार्यों को अगले 15 दिनों के भीतर पूर्ण करने के आदेश दिए तथा चेतावनी दी कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधाओं के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सचिन शेंडे ने आगे कहा कि वर्षा ऋतु के बाद नगर परिषद संबंधित विभागों, ठेकेदारों एवं एजेंसियों के साथ समुचित योजना बनाकर आवश्यक विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ किये जाएंगे।

श्री शेंडे ने गोंदिया शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रतिबद्धता जाहिर की, और कहा कि शहर का विकास नियमानुसार और व्यवस्थित तरीके से ही होगा, नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे।

# अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी पर जवाब दे भाजपा, संघ और विश्व हिन्दु परिषद..

## छैलबिहारी अग्रवाल ने हिन्दु संगठनों को लिया आड़े हाथ.. बोला विश्व में बड़ी बेईज्जती करवा दी राम नाम की लूट ने..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***बड़े ही श्रद्धा भाव से भाजपा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दु परिषद आदि हिन्दु विचारधारा से युक्त संगठनों ने सौंगध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे का नारा दिया था, और पुरे देश में राम मंदिर निर्माण के लिये अलख जगाकर करोड़ों अरबों रुपये का चंदा इकट्ठा करने का कार्य किया, लेकिन जहां***

इसी राम मंदिर के चंदे का उपयोग भारतीय जनता पार्टी के संगठन को बढ़ाने के लिये किये जाने के आरोप भाजपा पर लगते रहे, वहीं अब राम मंदिर बनने के बाद करोड़ों अरबों रुपयों के चंदे में प्राप्त नगदी, सोना, चांदी एवं बेशकिमती वस्तुओं के गायब होने का सिलसिला शुरु हो चुका है, तथा एक एक करके राम मंदिर के जवाबदारों की लूट जनता के सामने आ रही है, तथा इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो मुस्लिम शासक मोहम्मद गजनबी और बाबर जैसे लुटेरों का ही कब्जा राम मंदिर पर हो गया है, तथा इस लूट में सामने दिखने वाले चेहरे ही अकेले दोषी नहीं हो सकते, बल्कि संभावना है कि इसमें भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दु परिषद जैसे संगठनों के बड़े लोग भी शामिल हैं, तभी तो इन अग्र संस्थाओं के बड़े लोगों के राम मंदिर में की गई लूट मामले में मूंह नहीं खुल रहे हैं, यह बात गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने कही है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि राम मंदिर के नाम पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा की गई लूट सामने आने से पुरे विश्व समुदाय के समक्ष भारत को नीचा देखना पड़ रहा है। इन लूटेरों के कारण सनातन धर्म पर ऊंगलियां उठ रही है, और पुरे देश में सनातन के नाम पर पंडित, पुजारियों और साधु संतों को हिन नजरों से देखा जा रहा है, तथा भारत के सभी ईमानदार सनातनी भी राम मंदिर में हुई लूट से खुद को ठगा हुआ महसुस कर रहे हैं। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर में की गई लूट के सभी आरोपियों की जांच कर चोरी की संपूर्ण वसूली की जानी चाहिये, तथा ऐसे लुटेरे ट्रस्टियों का काला मुंह करके जुते चप्पलों की माला पहनाकर उन्हें पुरे अयोध्या में घुमाया जाना चाहिये, और मंदिरों में दान धर्म में कभी किसी भी तरह की लूट ना हो सके, इसके लिये उचित व्यवस्थाएं बनाई जानी चाहिये।

**छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री अमित शाह विपक्ष पर दहाड़े मार मार कर हमले करते हैं, लेकिन राम मंदिर लूट मामले में भाजपा के अग्र पंक्ति के नेताओं के अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत जैसे लोग भी कुछ नहीं कह रहे हैं, जिससे भारत के करोड़ों सनातनियों को शर्मसार होना पड़ रहा है।**

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

### जाहिर सुचना

श्री 1. रामअवतार (मृत्यु) 2. श्री राजेन्द्र हरद्वारीलाल अग्रवाल इनके नाम से नगर परिषद रिकार्ड में नाम दर्ज है। जिसका वार्ड क्रमांक 29 वार्ड का नाम गुरुनानक माल मत्ता क्रमांक 21/23/ए है। उक्त माल मत्ता धारक का निधन दिनांक 01/01/2026 को हो चुका है। इनके निधन उपरांत इनके वारस 1) सौ. मनोरमा बे. रामअवतार अग्रवाल, 2) श्री संदीप व. रामअवतार अग्रवाल 3) श्री सौरभ व. रामअवतार अग्रवाल 4) सौ. श्वेता नितिन भारुका 5) सौ. स्वाती अमित अग्रवाल इन्होंने वारसान आधार पर हस्तांतकरण हेतु आवेदन सादर किया है। हस्तांतरण पर आक्षेप हो तो यह सुचना प्रकाशित होने के पश्चात 15 दिन के भीतर अपना आक्षेप इस कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज सहित सादर करेंगे। आक्षेप प्राप्त ना होने पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य अधिकारी, नगर परिषद गोंदिया

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
Color Doppler
Power Doppler Imaging
B-flow Imaging
Tissue Harmonic Imaging
Transrectric & TV Sonography
Pediatric Sonography
Orbital Sonography
Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
Neonatologist Neurosonogram
2 D Echo Cardiography
Foetal Echo
Whole Body Ct Scan
Digital X-ray Digital Radiography System
M.R.I.
DIGITAL X-RAY
2D, 3D/4D High Resolution Sonography
2D Echo
Colour Doppler
Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182 - 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T. SCAN

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com